@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 17 दिसम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 43 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## अंबानी-अडाणी जितनी संपत्ति मस्क की एक दिन में बढ़ी: 58 लाख करोड़ रुपये नेटवर्थ वाले दुनिया के पहले व्यक्ति

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर (54.60 लाख करोड़ रुपये) पार कर गई है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मस्क की संपत्ति 500 बिलियन (डॉलर 45.50 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी। स्पेसएक्स की 800 बिलियन डॉलर (72.80 लाख करोड़ रुपये) का वैल्यूएशन और IPO आने की खबर के बाद मस्क की संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 168 बिलियन डॉलर (15 लाख करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। यह भारत के दो सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी की नेटवर्थ के लगभग बराबर है। दोनों की संपत्ति 16 लाख करोड़ की है।

अब मस्क की टोटल नेटवर्थ करीब 638 बिलियन डॉलर (58 लाख करोड़ रुपये) है। इनसाइडर शेयर सेल के बाद



- स्पेसएक्स की वैल्यू 72.80 लाख करोड़ रुपये
- दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने की राह पर मस्क, संपत्ति 600 अरब डॉलर के पार

स्पेसएक्स अब दुनिया की सबसे वैल्यूएबल प्राइवेट कंपनी बन गई है। मस्क स्पेसएक्स के फाउंडर और ष्ट्श्वह्र हैं।

**स्पेसएक्स की वजह से अचानक बढ़ी मस्क की नेटवर्थ**

रॉयटर्स के मुताबिक कंपनी के अंदर ही हुई शेयर्स की बिक्री में स्पेसएक्स की टोटल वैल्यूएशन 800 बिलियन निकली है। मस्क के पास स्पेसएक्स में लगभग 42फीसदी हिस्सेदारी है। यदि कंपनी अमेरिकी शेयर बाजार में 800 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर लिस्ट होती है, तो मस्क की हिस्सेदारी की कीमत अकेले 336 बिलियन डॉलर से ज्यादा बढ़ सकती है। फोर्ब्स का कहना है कि ऐसा होने पर मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं, हालांकि यह IPO की अच्छी लिस्टिंग पर निर्भर करेगा।

**टेस्ला और &AI ने भी बढ़ाई मस्क की दौलत**

टेस्ला: स्पेसएक्स के अलावा, मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला में भी उनकी लगभग 12फीसदी हिस्सेदारी है। 2025 में अब तक टेस्ला के शेयर 13फीसदी चढ़ चुके हैं। सोमवार को भी टेस्ला के शेयर करीब 4फीसदी ऊपर थे, जब मस्क ने कहा कि कंपनी फ्रंट पैसेंजर सीट पर बिना सेफ्टी मॉनिटर के रोबोटैक्सी का परीक्षण कर रही है। मस्क की टेस्ला में हिस्सेदारी अब लगभग 197 बिलियन डॉलर की है।

&AI: उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप &AI भी 230 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर 15 अरब डॉलर की नई इक्विटी जुटाने के लिए बातचीत के एडवांस स्टेज में है।

## मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

### शवों को पहचानना हुआ मुश्किल, 17 बैग में लाए गए कंकाल और जले हुए टुकड़े

**एजेंसी**
**मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। सुबह अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है। 17 बैग में कंकाल और जले हुए टुकड़े लाए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय दृश्यता



करीब 3:30 बजे बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक यात्री घायल हो गए। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, लगभग शून्य थी। कोहरे के चलते एक के बाद एक सात बसें और तीन कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटें उठते ही बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

### यमुना एक्सप्रेसवे सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री ने दुख जताया, मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के शहर मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर दुख जताया प्रधानमंत्री ने हादसे के हताहतों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आज कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे में हुए हादसे में लोगों का जान गंवाना बेहद दुख है। उनकी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। वे घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हैं। उन्होंने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से हर मृतक के परिवार को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## मेसी के इवेंट में तोड़फोड़, पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री ने पद से इस्तीफा दिया

**एजेंसी**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने साल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी से जुड़े इवेंट के दौरान मैनेजमेंट में हुई कमियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। फिलहाल सीएम खुद खेल मंत्रालय संभालेंगी। इस्तीफे में बिस्वास ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई है, इसलिए वह जांच की निष्पक्षता के लिए राज्य के खेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे रहे हैं। सीएम ने अरूप बिस्वास के इस्तीफे को स्वीकार करते हुए पत्र में लिखा, 'मैं 13 दिसंबर 2025 को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में हुई घटना की निष्पक्ष जांच के लिए खेल विभाग की ओर से राहत देने के खेल मंत्री के विचार और इरादे की सराहना करती हूं। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल सही हैं और जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक खेल विभाग की देखभाल मैं ही करूंगी।' अरूप बिस्वास राज्य के बिजली मंत्री भी हैं। ऐसे में खेल मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बावजूद, अरूप बिस्वास राज्य कैबिनेट के सदस्य बने रहेंगे। पिछले हफ्ते साल्ट लेक स्टेडियम में मैनेजमेंट की गंभीर कमियों के कारण हुई अराजकता के बाद अरूप बिस्वास को चौतरफा



आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि मेसी से जुड़े इस इवेंट में अव्यवस्था देखी गई थी। गुस्साए फैंस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। इवेंट के दौरान बिस्वास भी मेसी के साथ स्टेडियम में मौजूद थे। कई दर्शकों और विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि जब बिस्वास और उनके परिवार के सदस्यों ने मैदान पर फुटबॉल स्टार को घेर लिया, तो जिन दर्शकों ने महंगी कीमतों पर टिकट खरीदे थे, उन्हें फुटबॉल आइकन की झलक तक नहीं मिल पा रही थी।

## सीएम रेखा गुप्ता ने निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज़-3 का भी किया निरीक्षण

**कौमी पत्रिका**
नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कल दक्षिण दिल्ली स्थित सुनहरी नाले से निकाली जा रही गाद के कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण् दिल्ली और पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाले निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज़-3 के निर्माण कार्य की भी मौके पर जानकारी ली। इस निरीक्षण में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार पिछली सरकारों द्वारा छोड़ी गई लिगेसी (पुरानी) समस्याओं का समाधान कर रही है। पूर्व सरकार कई अधूरी व अवैज्ञानिक योजनाएं छोड़कर गई हैं, जिनमे ये दोनों भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण कार्य में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह व संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनहरी नाला (बारापुला ड्रेन) से जुड़ी कॉलोनियों को हर मानसून में भारी जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता रहा है, जिसके समाधान के लिए इस एक किलोमीटर लंबे नाले से 50 हजार मीट्रिक टन गाद निकाली जानी है, जिसमें से करीब 14 हजार मीट्रिक टन गाद निकाल ली गई है। इस नाले की सफाई के लिए न तो उचित आउटलेट और स्लैब सिस्टम बनाए गए, जिस कारण भारी मात्रा में गाद जमा होने से आसपास की कॉलोनियों को मॉनसून के दौरान गंभीर जलभराव की समस्या का निर्माणाधीन बारापुला फेज़-3 कॉरिडोर की प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि यह परियोजना दिल्ली की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देगी। यह एलिवेटेड कॉरिडोर सराय काले खां को मयूर विहार-ढ्ढ से जोड़ेगा। इसके तहत सराय काले खां से मयूर विहार तक डक्ट सहित



सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली मेट्रो रेल निगम इसकी सफाई कर रहा है और उम्मीद है कि अगले साल मॉनसून से पहले इस नाले का पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे मामले का ऑडिट किया जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि भविष्य की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इतने बड़े ड्रेन का निर्माण कैसे किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्नत सड़क का निर्माण किया जाएगा। लगभग 13.3 किलोमीटर लम्बे इस 6-लेन कॉरिडोर में 4.3 किलोमीटर लंबी साइकिल ट्रैक की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना में 500 मीटर लंबा 6-लेन का एक्स्ट्रा डो? ब्रिज शामिल है, जो देश का पहला ऐसा पुल होगा, जिसमें दोनों ओर डेडिकेटेड वॉकवे और साइकिल ट्रैक बनाए गए हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

## पीएम मोदी की जॉर्डन यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मिली नई दिशा

### 5 महत्वपूर्ण समझौते हुए

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा ने भारत और जॉर्डन के रिश्तों को और मजबूत किया है। इस यात्रा के दौरान 5 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये समझौते नवीकरणीय ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिजिटल समाधान और पेट्रा व एलोरा के बीच जुड़ाव से संबंधित हैं। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वद्ध के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, उर्वरक और कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, खनिज, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जॉर्डन के डिजिटल भुगतान प्रणाली को भारत के यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जोड़ने की भी बात की। जॉर्डन, भारत के लिए उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और दोनों देशों की कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। ऐसे में भारत में फॉस्फेटिक उर्वरकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जॉर्डन में और निवेश हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की पहली पूर्ण यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा



व्यापारिक साझेदार है और उसे अनाज, फ्रोजन मीट, पेट्रोलियम उत्पाद, पशु चारा आदि निर्यात करता है। वहीं जॉर्डन भारत के लिए फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भी है।

वर्तमान समय में करीब 17,500 भारतीय नागरिक जॉर्डन में रहते हैं, जिनमें से अधिकांश कपड़ा, निर्माण, विनिर्माण और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी (जेआईएफसीओ) जैसे संयुक्त उपक्रमों का जिक्र किया गया। यह कंपनी भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (आईएफएफसीओ) और जॉर्डन फॉस्फेट माइन कंपनी (जेपीएमसी) के बीच एक 860 मिलियन डॉलर का संयुक्त उपक्रम है। यह कंपनी भारत के लिए फॉस्फोरिक ऐसिड का उत्पादन करती है। इसके अलावा, 15 से ज्यादा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां, जो एनआरआई द्वारा चलायी जाती हैं, जॉर्डन के क्वालिफाइड इंडस्ट्रियल जोन (क्यूआईजेड) में कार्यरत हैं और 500 मिलियन डॉलर का निवेश किया गया है। इसके अलावा, भारत और जॉर्डन के बीच तकनीकी क्षेत्र में भी मजबूत संबंध बन रहे हैं। जॉर्डन में भारत-जॉर्डन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है, जो अल-हुसैन टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचटीयू) में स्थित है। यह केंद्र पूरी तरह से भारत द्वारा फंडेड है और इसमें अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, जिसमें सुपर कंप्यूटर परम शावक और अन्य उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएं शामिल हैं। भारत सरकार साइबर सुरक्षा, वेब विकास, मशीन लर्निंग और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनर कोर्स आयोजित करती है।

## नितिन नबीन ने अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद नितिन नबीन ने कहा कि अमित शाह का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा देता है। नितिन नबीन ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभालने के उपरांत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपका मार्गदर्शन संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन में सदैव प्रेरणा प्रदान करता है।' केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पोस्ट में लिखा, 'भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट की और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। रविवार को बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष



नियुक्त किया गया। सोमवार को नितिन नबीन दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।

## 'चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा एक परिवार का नियंत्रण'

### ●कांग्रेस पर बरसे जेपी नड्डा; लगाए कई आरोप

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक-एक कर कई सारे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव सुधार से लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप तक सभी मामलों में केंद्र सरकार का रुख साफ किया। नड्डा ने 'वोट चोरी और ईवीएम' में गड़बड़ी जैसे आरोप को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा और कांग्रेस पर देश को चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चुनाव आयोग का काम एक परिवार द्वारा नियंत्रित पार्टी के जिम्मे रहा, लेकिन उस पर कभी सवाल नहीं उठाए गए।

नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सवाल पूछते हैं कि यह एसआईआर क्यों?, जबकि यह प्रक्रिया नई नहीं है और लोकसभा में 1952 से चली आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों में ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गई जैसे चुनाव में धांधली हो रही हो।

**सदन में चर्चा से पीछे नहीं हटती मोदी सरकार- जेपी नड्डा**

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार



लोकतंत्र और संसदीय व्यवस्था में पूरा विश्वास रखती है और हर विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार रहती है। इस दौरान जेपी नड्डा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रहे सवालों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संविधान ने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची की जांच और सत्यापन कर सके। यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और जरूरी है।

### चुनाव आयोग की जिम्मेदारी पर दिया जोर

इस दौरान जेपी नेड्डा ने चुनाव आयोग की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि कोई भी योग्य नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित न हो और साथ ही कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न रहे। इसी संतुलन को बनाए रखने के लिए एसआईआर जैसी प्रक्रिया की जाती है। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि साल 2010 के बाद से मतदाता सूची से किसी का नाम नहीं हटाया गया है, इसलिए अब इसका पुनरीक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करेगा।

## 'लव जिहाद' और धर्मांतरण कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

### राज्यों को तीन हफ्तों में जवाब दाखिल करने का आदेश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत कई राज्यों में 'लव जिहाद' और अनैतिक धर्मांतरण को रोकने वाले कानून बन चुके हैं। इन कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। इसी बीच अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने इन कानूनों के समर्थन में याचिका दाखिल की है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई फिलहाल टल गई है। सुप्रीम कोर्ट अब 28 जनवरी को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वे जनवरी के तीसरे हफ्ते में इस मामले की फाइनल हियरिंग के लिए लिस्ट करेंगे।



इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा है कि वे तीन हफ्तों के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। जावेद मलिक की याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इसे बाकी याचिकाओं के साथ ही सुना जाएगा। जावेद मलिक ने अपनी याचिका में स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह इन राज्यों द्वारा बनाए गए कानूनों का समर्थन करते हैं और चाहते हैं कि उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जाए, जो इन कानूनों को चुनौती दे रही हैं। उनका कहना है कि ये कानून समाज में शांति बनाए रखने और जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए जरूरी हैं।

वहीं, इन राज्यों द्वारा बनाए गए कानूनों के खिलाफ याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ये कानून अंतर-धार्मिक जोड़ों को परेशान करने और व्यक्तिगत फैसलों में हस्तक्षेप करने का जरिया बन गए हैं। उनका आरोप है कि इन कानूनों की आड़ में कोई भी व्यक्ति बिना वजह धर्मांतरण के आरोप में फंस सकता है। इस तरह के मामलों में अक्सर लोगों की निजी जिंदगी में दखल दिया जाता है और सामाजिक तनाव भी बढ़ता है।

## मंत्री सिरसा ने प्रदूषण पर दिल्ली से मांगी माफी, बोले- नौ से 10 महीने नहीं थे काफी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री, मंजीत सिंह सिरसा ने स्वीकार किया है कि नौ-दस महीनों में प्रदूषण को पूरी तरह खत्म करना किसी भी सरकार के लिए असंभव कार्य है। उन्होंने दिल्लीवासियों से इस संबंध में माफी मांगी है, लेकिन साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कार्यकाल की तुलना में दैनिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को कम करने के लिए अथक प्रयास करने का आश्वासन भी दिया है।प्रदूषण दिल्ली की एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान खोजना किसी भी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। मंत्री सिरसा के बयान से यह स्पष्ट होता है कि वे प्रदूषण के पूर्ण उन्मूलन को एक अल्पकालिक लक्ष्य के रूप में नहीं देखते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि किसी भी सरकार के लिए नौ-10 महीनों में प्रदूषण को पूरी तरह से खत्म करना असंभव है।' यह बयान स्वीकारोक्ति के साथ-साथ जमीनी हकीकत को भी दर्शाता है। मंत्री सिरसा ने अपने बयान में अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, हालांकि, मैं दिल्ली के निवासियों को यह आश्वासन देना



चाहता हूं कि हमने आम आदमी पार्टी सरकार की तुलना में हर दिन एक्यूआई को कम करने के लिए अथक प्रयास किया है। यह बयान दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी को भी दर्शाता है, जहां विभिन्न दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

### ● पेट्रोल-डीजल पर प्रतिबंध

वहीं सिरसा ने यह जानकारी भी दी कि 18 दिसंबर से राजधानी में बिना पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। वाहन चालकों के पास पीयूसी बनवाने के लिए केवल आज और कल का दिन शेष है, गुरुवार से यह नियम पूरी तरह लागू हो जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई ट्रक कंस्ट्रक्शन मटेरियल लाता हुआ पाया गया तो संबंधित वाहन को सीज किया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली के बाहर से आने वाले BS-6 मानक से नीचे के वाहनों पर अगले आदेश तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर इस नेता ने बताया... कांग्रेस के लिए शुभ संकेत

नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर टिप्पणी कर उनकी नियुक्ति को कांग्रेस के लिए शुभ संकेत बताया है और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने नितिन नबीन की तुलना नितिन गडकरी से की, जो दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बघेल ने याद दिलाया कि जब गडकरी भाजपा अध्यक्ष बने थे, तब कांग्रेस की सरकार (यूपीए) बनी थी। उन्होंने कहा कि अब यह दूसरा नितिन आया है, इसलिए यह फिर से संकेत है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। इस टिप्पणी का उद्देश्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगाना और भाजपा के आंतरिक घटनाक्रम को अपने पक्ष में राजनीतिक रूप से भुनाना मालूम होता है। बात दें कि गडकरी दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे, और उसके कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए ने जीत हासिल की थी। हालांकि, वह 2009 में भी यूपीए की ही सरकार थी (जो 2004 में बनी थी), और 2014 के बाद से कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

## नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी कंपनी की हवाई पट्टी पर दिखा अज्ञात ड्रोन

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी सोलर इंडस्ट्रीस कंपनी की हवाई पट्टी के ऊपर एक अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप मच गया है। नागपुर-अमरावती रोड पर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की हवाई पट्टी (नागपुर से करीब 40 किमी दूर) है। कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज रक्षा संबंधी उत्पादों जैसे सशस्त्र ड्रोन, सैन्य विस्फोटक, रॉकेट एकीकरण प्रणाली, लाइटरिंग मुनिशन्स, ड्रोन रोधी मिसाइलें, बम और युद्धक सामग्री का निर्माण करती है। घटना 9 दिसंबर को शाम करीब 7:15 बजे हुई। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने हवाई पट्टी के ऊपर आसमान में एक टिमटिमाती रोशनी देखी। अंधेरे के कारण ड्रोन के आकार का अंदाजा नहीं लग सका। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कोंधली पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. हर्ष पोद्दार ने जांच जारी होने की पुष्टि की। पुलिस ने आस-पास के गांवों (मलकापुर, शिवा, सवांगा) में तलाशी अभियान चलाया, यह पता लगाने के लिए कि कहीं ड्रोन किसी निजी समारोह से भटककर तो नहीं आ गया था। दो दिनों तक पुलिस टीम गांवों में तैनात रहीं, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। खुफिया ब्यूरो की एक टीम भी घटना की जांच कर रही है। इस घटना को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि सोलर इंडस्ट्रीज संवेदनशील सैन्य उपकरणों का निर्माण करती है।

## दिल्ली में पीयूसी के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, सिर्फ बीएस-6 गाड़ियों को एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच सरकार ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सख्त फैसले लिए हैं। मंगलवार को दिल्ली में एक बार फिर जहरीले स्मॉग की मोटी परत छाई रही, जिसके बाद पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर से दिल्ली में बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में केवल बीएस-6 मानक वाली गाड़ियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बीएस-4 और उससे पुराने वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह फैसला बढ़ते प्रदूषण स्तर और स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को देखते हुए लिया गया है। पर्यावरण मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है, कि राजधानी में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। कंस्ट्रक्शन मटीरियल ले जाने वाले वाहनों पर भी सख्ती बरती जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हालात की गंभीरता को समझते हुए कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्लीवासियों से प्रदूषण की स्थिति को लेकर माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार हर दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार के लिए काम कर रही है और पिछली सरकार से विरासत में मिली प्रदूषण की समस्या को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का अधिक इस्तेमाल करें।

## एलडीएफ नेता रामजीत पर हमला, बीजेपी के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार

अलप्पुझा (एजेंसी)। केरल के तटीय जिले अलप्पुझा में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के नेता पर हमला करने के आरोप में बीजेपी के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना रविवार रात हुई थी, जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के स्थानीय नेता रामजीत और उनके दोस्त रेनिथ, नीलमपेरूर पंचायत गए थे, जहां हाल ही में हुए निकाय चुनावों में बीजेपी ने जीत हासिल की है। पुलिस ने बताया कि रामजीत और उसके दोस्त रेनिथ की शिकायत के मुताबिक छह बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका, उनके लिए अभद्र का इस्तेमाल किया, रामजीत की पिटाई की और फिर उसके सिर पर लाठी से वार किया। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि हमला इसलिए किया गया क्योंकि वे पंचायत क्षेत्र में गए थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रामजीत का कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में उपचार हो रहा है।

## हीटर से आग लगने के कारण नानी और नाती की मौत

रांची (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद के सरायढेला अंतर्गत विकास नगर में एक घर में देर रात हीटर से आग लगने के कारण नानी और उनके 18 वर्षीय नाती की मौत हो गई। घटना विकास नगर, सरायढेला थाना क्षेत्र, धनबाद में सोमवार-मंगलवार की देर रात को हुई। मृतक में 62 वर्षीय चिंता मणि देवी (नानी) और 18 वर्षीय गोलू (नाती) शामिल है। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। ठंड से बचाव के लिए जलाए गए हीटर पर कंबल गिर गया, जिससे आग भड़की और पूरे कमरे में धुआं व आग फैल गई। घटना में चिंता मणि देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें बचाने के प्रयास में नाती गोलू भी गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी भी मौत हो गई। मोहल्ला संकरा होने के कारण बड़ी दमकल गाड़ी अंदर प्रवेश नहीं कर सकी। छोटी गाड़ी मंगाई गई। घर का निचला हिस्सा अंदर से बंद होने के कारण भी कर्मियों को भीतर जाने में परेशानी हुई।

# कैश कांड केस: जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष बिरला को नोटिस

### -मामले की सुनवाई 7 जनवरी को

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने संसद में उनके खिलाफ शुरू की गई महाभियोग (इम्पीचमेंट) प्रक्रिया को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास से जला हुआ कैश मिलने से जुड़ा है।

जस्टिस वर्मा का कहना है कि उनके मामले में जजेज इन्क्वायरी एक्ट 1968 में तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी को अवैध बताया है। उनका तर्क है कि कानून के अनुसार, जब किसी जज को हटाने का प्रस्ताव दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में लाया जाता है, तब जांच समिति का गठन भी लोकसभा और राज्यसभा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि सिर्फ लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा। याचिका में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अकेले समिति बनाना कानून और संविधान दोनों के खिलाफ है। याचिका में कहा गया है कि महाभियोग प्रस्ताव को दोनों सदनों से एक ही दिन में पारित किया





जाना अनिवार्य था, जिसका पालन नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा और राज्यसभा के सचिवालयों को नोटिस जारी किया है और सात जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की, क्या कानून बनाने वालों को ये भी नहीं पता कि ऐसा नहीं किया जा सकता? यह टिप्पणी कमेटी के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाती है। सुप्रीम कोर्ट अब लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के जवाब के बाद अगली सुनवाई में यह तय करेगा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ शुरू की गई महाभियोग प्रक्रिया कानून के अनुरूप है या नहीं।

**क्या है मामला?**

बता दें, 14 मार्च, 2025 की शाम को जस्टिस वर्मा के घर में लगी आग के कारण दमकलकर्मियों द्वारा कथित तौर पर बेहिसाब नकदी बरामद की गई थी। हालांकि, घटना के वक्त जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी उस समय दिल्ली में नहीं थे और मध्य प्रदेश की यात्रा पर थे। आग लगने के समय घर पर केवल उनकी बेटी और वृद्ध माता ही मौजूद थे। बाद में एक वीडियो सामने आया जिसमें नकदी के बंडल आग में जलते हुए दिखाई दे रहे थे। इस घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिन्हें उन्होंने नकारते हुए कहा कि यह उन्हें फंसाने की साजिश प्रतीत होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने आरोपों की आंतरिक जांच शुरू की और 22 मार्च को जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

## चिदंबरम ने की विधेयकों में बढ़ती हिंदी शब्दों की प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना

### -अब अगली सुनवाई में सीबीआई दाखिल करेगी वेरिफिकेशन रिपोर्ट



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने विधेयकों के शीर्षकों में हिंदी शब्दों के इस्तेमाल की सरकार की ''बढ़ती प्रवृत्ति'' की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों के लिए ''अपमानजनक'' है। उन्होंने कहा कि गैर-हिंदी भाषी लोग ऐसे विधेयक व अधिनियमों को नहीं पहचान सकते जिनके शीर्षक हिंदी शब्दों में अंग्रेजी अक्षरों में लिखे गए हों और वे उनका उच्चारण भी नहीं कर सकते। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोमवार देर रात कहा कि संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों के शीर्षक में सरकार द्वारा हिंदी शब्दों को अंग्रेजी अक्षरों में लिखने के बढ़ते चलन का मैं विरोध करता हूं। चिदंबरम ने कहा कि अब तक यह प्रथा थी कि विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में शीर्षक अंग्रेजी शब्दों में और हिंदी संस्करण में हिंदी शब्दों में लिखा जाता था। उन्होंने कहा कि जब 75 साल से इस प्रथा में किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई तो सरकार को बदलाव क्यों करना चाहिए? उन्होंने कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों और उन राज्यों का अपमान है जिनकी आधिकारिक हिंदी के अलावा कोई अन्य है। चिदंबरम ने कहा कि सरकारों ने लगातार दोहराया है कि अंग्रेजी एक सहयोगी आधिकारिक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुझे डर है कि यह वादा टूटने की कगार पर है।

## विकसित भारत-जी राम जी योजना का विरोध कर थरुर ने कहा... राम का नाम बदनाम ना करो



### -लंबे समय बाद शशि थरुर ने कांग्रेस के सुर में मिलाया सुर

**नई दिली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को मनरेगा का नाम बदलने सहित कई प्रावधानों में फेरबदल वाले विधेयक को पेश किया गया है। नए विधेयक में मनरेगा को अब विकसित भारत-जी राम जी योजना नाम देने की तैयारी हो रही है। इस विधेयक को लेकर संसद में दिलचस्प बहस देखने को मिली है। कांग्रेस की ओर से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने तीखा विरोध किया। वहीं उनके बाद बोलने खड़े हुए शशि थरूर ने भी लंबे समय बाद कांग्रेस के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि मैं मनरेगा स्कीम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलने के खिलाफ हूं। कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि मैं जी राम जी विधेयक का विरोध करता हूं। मेरी पहली शिकायत यह है कि इसका नाम बदला जा रहा है, जो पहले महात्मा गांधी के ऊपर था। महात्मा गांधी का राम राज्य का विजन राजनीतिक आयोजन नहीं था बल्कि सामाजिक सुधार था। वह चाहते थे कि हर गांव सशक्त हो और राम राज्य जैसी स्थिति बने। मेरे बचपन में गाते देखा कि देखो ओ दिवानों ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो।

थरुर ने कहा कि इसके अलावा 40 फीसदी बजट सीधे राज्य सरकार के हिस्से में डालना गलत है। इससे उन राज्यों के लिए संकट की स्थिति पैदा होगी, जिनके पास राजस्व का संग्रह कम है। इसतरह के राज्य जो पहले ही किसी तरह की मदद पर निर्भर हैं, आखिर वे कैसे इस स्कीम के लिए फंडिंग कर पाएंगे। कांग्रेस सांसद का पार्टी के स्टैंड से मिलता हुआ यह रुख लंबे समय बाद देखने को मिला है। वह कई बार पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस की लगातार तीन मीटिंगों से गैरहाजिर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में बीजेपी के बड़े नेता फडणवीस हैं, वह जो कहेंगे वह फाइनल होगा: पवार

### -पुणे और पिंपरी चिंचवड़ निकाय चुनाव में बीजेपी-एनसीपी में होगा फ्रेंडली मुकाबला

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निकाय चुनाव में बीजेपी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में मुताबला होने जा रहा है। सीएम देवेंद्र फडणवीस के ऐलान के बाद अब डिप्टी सीएम अजित पवार भी इसपर सहमति जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने जो कहा वो फाइनल है। महाराष्ट्र में मुंबई समेत 29 नगर निकायों के लिए मतदान 15 जनवरी को होगा और मतों की गिनती 16 जनवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने सोमवार को इसके शेड्यूल की जानकारी दी है। अजित पवार ने कहा कि अगर सीएम ने ऐसा कहा है, तो ध्यान से सोच समझकर कहा होगा। महाराष्ट्र में बीजेपी के सबसे बड़े नेता देवेंद्र फडणवीस हैं। वह जो भी कहेंगे, वो फाइनल होगा।

बता दें फडणवीस ने कहा था कि बीजेपी और शिवसेना आगामी नगर निकाय चुनावों में



अधिकतर स्थानों पर एक साथ चुनाव लड़ेंगे और राकांपा समेत 'महायुति' के सहयोगी दलों के साथ अधिकतर स्थानों पर सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निगमों में बीजेपी और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकंपा के बीच फ्रेंडली मुकाबला होगा। फडणवीस ने कहा कि 'महायुति' के सहयोगी दलों के बीच गठबंधन होगा, लेकिन अधिकतर शहरों में समझौता बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच होगा।

उन्होंने कहा कि पुणे में गठबंधन की संभावना नहीं है, जहां बीजेपी और अजित पवार नीत राकांपा प्रमुख दल हैं। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के मुताबिक इन नगर निकायों में कुल 2,869 सीट के लिए मतदान होगा, जिनमें बीएमसी की 227 सीट भी शामिल हैं। बीएमसी 2025-26 में 74,000 करोड़ रुपए से अधिक के बजट के साथ एशिया का सबसे बड़ा नगर निकाय है।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र में फैले 29 नगर निकायों में 15 जनवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती 16 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा कि मतदान सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा और जो लोग शाम 5:30 बजे तक कतार में खड़े होंगे, उन्हें एक पर्ची दी जाएगी और उन्हें तय समयसीमा के बाद भी मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने सितंबर में एसईसी को 31 जनवरी तक नगर निकायों सहित स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण कंट्रोल के बाहर... होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर तंदूर पर बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। तंदूर, दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने की लड़ाई में नया निशाना बन गया है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) ने शहर के सभी होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर कोयले और लकड़ी का इस्तेमाल करने वाले तंदूर पर बैन लगाने के आदेश दिए हैं। रेस्टोरेंट और खाने की जगहों पर इस्तेमाल होने वाले तंदूर पर बैन पिछले हफ़्ते लगाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश एयर (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट, 1981 की धारा 31(ए) के तहत जारी किया गया था। सभी रेस्टोरेंट और खाने की जगहों को तुरंत इलेक्ट्रिक, गैस-आधारित या दूसरे साफ ईंधन वाले उपकरणों पर स्विच करना होगा। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी खराब होने के कारण, पिछले हफ़्ते शनिवार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज 4 लागू किया गया था।

# 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026

### -कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर के कई पहलुओं पर संवाद करते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में शामिल 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। यह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे सीधे पीएम के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर और जीवन के कई पहलुओं पर संवाद कर सकते हैं। यह कार्यक्रम हर साल छात्रों में परीक्षा के डर को कम करने और उन्हें 'एग्जाम वॉरियर्स' बनने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयन की प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है। इसमें ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए चयन किया जाता है, जो मॉयजीओवी पोर्टल पर आयोजित की जाती है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र, साथ ही शिक्षक और अभिभावक इस बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता पीएम मोदी से डायरेक्ट बातचीत का मौका देती है। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को एनसीईआरटी की तरफ से एक खास प्रमाण पत्र भी मिलता है, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के 9वें संस्करण के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 दिसंबर, 2025 को शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र, शिक्षक और अभिभावक मॉयजीओवी पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी, 2026 है। अब तक करीब 18,78,098 उम्मीदवार इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनमें 17 लाख से ज्यारा छात्र शामिल हैं। पीपीसी 2026 में पीएम मोदी के साथ लाइव प्रोग्राम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का चयन किसी आवेदन या सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए किया जाता है। चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से सीधे उनके मन में चल रहे सवाल पूछने का अनमोल अवसर मिलता है। यह छात्रों को अपनी दुविधाएं दूर करने और पीएम से प्रेरणा लेने का एक सीधा माध्यम प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को कई फायदे मिलते हैं। पीपीसी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को एनसीईआरटी से आधिकारिक प्रमाण पत्र मिलता है। शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को पीएम मोदी के साथ लाइव 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलता है। पिछले संस्करणों में कुछ विजेताओं को पीएम मोदी की लिखी गई 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक और एक विशेष 'किट' भी दी गई थी।

## उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से खुद को अलग किया

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से इंडिया गठबंधन को अलग किया है। उन्होंने कहा कि इस वोट चोरी मुद्दे से इंडिया गठबंधन का कोई लेना-देना नहीं है। हर राजनीतिक दल अपना एजेंडा तय करने के लिए स्वतंत्र है। कांग्रेस ने वोट चोरी को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस (उनकी पार्टी) अपने मुद्दे खुद चुनेगी। वहां कांग्रेस के चुने मुददों पर राजनीति नहीं करेगी।

वहीं भाजपा नेता शशांक मणि ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि उमर समझ रहे हैं कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का उद्देश्य किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि वास्तविक मतदाता सूची को अपडेट करना और चुनावी सुधार करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह लोग इंडिया गठबंधन से अलग



होते रहने वाले है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों इंडिया गठबंधन के कई और दल भी इस वोट चोरी के मुददे से अलग हो जाएगी। वहीं कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का आयोजन कर अपने अभियान को तेज़ किया है। उन्होंने रैली में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 में बदलाव करने और कांग्रेस के सत्ता में आने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर संधू और विवेक जोशी के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया। बात दें कि चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद सामने आए हैं, जहाँ उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस के आक्रामक रुख से दूरी बना ली है, जबकि भाजपा इसे चुनावी सुधार का मामला बता रही है।

# भारत ने फिर कर दिया नोटम का ऐलान... के4 सबमरीन लांच बैलस्टिक मिसाइल का हो सकता है टेस्ट

### -नोटम जारी होते ही पाकिस्तान की सांस गले में अटकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत रक्षा के क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक धमाका कर रहा है, इन धमाकों से भारत के दुश्मन देश घबराए हुए हैं। अब भारत ने एक और तगड़ा ऐलान किया है। जिसके बाद दुश्मनों के गुट में चर्चा तेज हो गई है कि भारत किसी बड़ी तैयारी में है। पाकिस्तान के सारे टीवी चैनल्स पर इसी बात की बहस चल रही है कि कुछ घंटों बाद भारत क्या करने वाला है। पाकिस्तान ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका भी जानने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं कि आखिर भारत का प्लान क्या है। भारत ने नोटिस टू एयरमैन यानी कि नोटम जारी किया है। यह डेंजर ज़ोन एडवाइज़री डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से बंगाल की खाड़ी के एक बड़े हिस्से को कवर करती है।

यह नो फ्लाई जोन करीब 2520 किमी तक फैला हुआ है। जो हवाई जहाजों और समुद्री यातायात के लिए अस्थायी प्रतिबंध लगाता है। यह नोटम 17 से 20 दिसंबर के बीच लागू रहेगा। कहा जा रहा है कि भारत एक बड़ी मिसाइल टेस्ट करने वाला है। पिछले परीक्षणों की तरह यह जोन पहले से ज्यादा बड़ा है जो मिसाइल की उन्नत रेंज और सटीकता का संकेत देता है। भारत ने इससे पहले 6 से 8 दिसंबर के बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 कि.मी. के इलाके में नो फ्लाई जोन नोटिस जारी किया था। यह नोटम भी मिसाइल टेस्ट के लिए जारी किया गया था। हाल ही में नौसेना ने युद्धफोस से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

मिसाइल की बेजोड़ सटीकता, स्पीड और तबाही मचाने की ताकत देखने को मिली थी। यह मिसाइल दुश्मन के ठिकानों में तबाही मचाने के लिए काफी है। यह 300 से 800 किमी तक की दूरी पर बैठे दुश्मन को तबाह कर सकती है। इस सफल परीक्षण के बाद से ही भारत के दुश्मन खौफ में थे कि अब भारत ने एक और धमाका करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा हैं कि के4 सबमरीन लॉन्च्ड बैलस्टिक मिसाइल का परीक्षण हो सकता है जो परमाणु सक्षम है और 3500 किमी तक वार कर सकती है। यह चीन नौसेना के खिलाफ एक मजबूत हथियार के रूप में है। यह मिसाइल ठोस ईंधन से चलती है। सबमरीन से लांच होने पर 20 से 30 मीटर गहराई से फायर की जा सकती है।

यह अग्नि मिसाइल सीरीज पर आधारित है। इसका वजन 17 टन, लंबाई 12 मीटर और यह एमआईआर भी तकनीक से लैस हो सकती है। यानी एक मिसाइल से कई लक्ष्य हिट कर सकती है। परमाणु हथियार ले जाने की ताकत इसके पास है। यह आईएनएस, अरिहंत जैसी सबमरीन से लांच होती है। इस परीक्षण के बाद भारत अगले साल के5 मिसाइल का परीक्षण कर सकता है।



# सीएम रेखा गुप्ता ने निर्माणाधीन बारापुला ब्रिज, फेज़-3 का भी किया निरीक्षण

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

मुख्यमंत्री ने बताया कि बारापुला कॉरिडोर ईस्ट दिल्ली (मयूर विहार) से साउथ दिल्ली (एम्स) के बीच कनेक्टिविटी को सुगम बनाएगा और सिग्नल-फ्री कॉरिडोर प्रदान करेगा। यह मौजूदा डीएनडी फ्लाईओवर और एनएच-24 पर यातायात के बोझ को कम करेगा और प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख वाहनों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना में आधुनिक निर्माण तकनीक और उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, ताकि संरचना मजबूत, सुरक्षित और दीर्घकालिक बनी रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल समस्याओं की पहचान ही नहीं कर रही है, बल्कि दशकों से चली आ रही लापरवाहियों पर मरहम लगाने का काम भी कर रही है। जलभराव, प्रदूषण और ट्रैफिक, तीनों मोर्चों पर दिल्ली को राहत दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर दिल्ली के पीडब्ल्यूडी व जल मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस परियोजना में लगातार पिछली सरकार द्वारा की गई लापरवाही के कारण वर्षों की देरी हुई। वर्तमान सरकार ने मामले पर लगातार निगरानी रखी और अब सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं


### सार्वजनिक सूचना

**कुवैत में रोजगार का सुनहरा अवसर**

कुवैत की प्रसिद्ध **बार्बर शॉप्स** के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है।

1. आकर्षक वेतन
2. वीज़ा पूरी तरह निःशुल्क
3. तुरंत जॉइनिंग का मौका

यदि आपको हेयर कटिंग और ग्रूमिंग का अनुभव है, तो विदेश में काम करने का यह बेहतरीन अवसर है!

● संपर्क करें

ईमेल almansooooour@gmail.com

व्हाट्सएप0091 7292031016

×0096597588144

Facebook और Instagram पर हमसे जुड़ें बह। 77777


### NAME CHANGE

I ANGREZ S/O BUDHRAM SAINI R/O TOWER 28 FLAT NO 202 BPTP PARK FLOOR 2 SECTOR76 FARIDABAD HARYANA - 121004 I have changed my name to ANGREZ KUMAR Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE

I MD M A PARVEZ S/o M Shahab Jahan Shaikh R/o C-85, 3RD Floor, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, New Friends Colony, South Delhi, Delhi- 110025, have changed my name to M A PARVEZ for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, ASHWANI SINGH S/O RAM BAHAL SINGH R/O 15A/8 RANI JHASI ROAD NEAR JHANDEWALAN TEMPLE MOTIA KHAN SWAMI RAM TIRTH NAGAR NAW DELHI CENTRAL DELHI, DELHI 110055, I have changed my name from ASHWANI TO ASHWANI SINGH for all future purpose.

### NAME CHANGE

I Amit Kumar Tiwari Son of Late Sh. Devendra Rai Presently residing at 3/1787, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh-226021 and permanently residing at House No.-22, Village Mahuja, Teh-Bansgaon, Dist-Gorakhpur, Uttar Pradesh-273403, have changed my name to Amit Kumar Rai.

### NAME CHANGE

I Smt Fooldulari W/o Phoolchandr R/o Gram-Bhogalpur, Fatehpur, Tyonja, Uttar Pradesh - 212655, have changed my name to Phoolav.

### NAME CHANGE

I Aneesh Bano W/o Akhtar Ali R/o Saraiya Kakra Mau, Post-Gauriya Jhal, Biswan, Sitapur, Uttar Pradesh - 261207, have changed my name to Anisha Bano

### NAME CHANGE

I hitherto known as Mehfuj S/o Mehboob R/o House No-E-223, Sadullabad, Loni, Budh Nagar, Loni, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 have changed my name and shall hereafter be known as Mahafooj.

### NAME CHANGE

I hitherto known as Shajami W/o Mau. Abrar R/o House No.202, Guljar Colony, Islam Nagar Kaila, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201001 have changed my name and shall hereafter be known as Sazida Begum.

### NAME CHANGE

I, hitherto known as PUTTAN KUMAR alias HORI LAL S/o BINDA PRASAD R/o 49, Pipraser, Chandan Pur, Raipur, Unnao, Uttar Pradesh-209801, have changed my name and shall hereafter be known as HORI LAL.

### NAME CHANGE

I, No-4583295Y Rank-NK Name-KALU SINGH Presently residing at VILL-JIRWAI, PO- DEVGURADIYA, TEH-TONKKHURD, DIST-DEWAS, MADHYA PRADESH-455118, have changed my wife's name from SUMITRA BAI to SUMITRA PRAJAPATI for all future purposes vide Affidavit dated 16/12/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE

I, RINKU DEVI Spouse of PRASANNA KUMAR JHA presently residing at VILL-BEHATA, PO-BENIPATTI, DIST-MADHUBANI, BIHAR-847243, have changed my name from RINKU DEVI to RINKU JHA vide Affidavit dated 16/12/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE

I, IC-63851F Rank-LT COL Name-ARJUN SHIVAJI THORAT residing at- 1115 E, MARATHA HOUSE, PANCH BUNGLOW, SHAHUPURI, KOLHAPUR, MAHARASHTRA-416001, have changed my minor daughter's name from AANJALIKA to AANJALIKA ARJUN THORAT for all future purposes vide affidavit dated 16/12/2025 Before Notary Public, Delhi.

### Date of Birth Change

I, SUNITA wife of Shri Ram Singh Fogat (service No. JC-367494A, Rank-Sub)resident of Flat No. 74, Pocket-1, Phase-1, Sector-13, Dwarka, Netaji Subhash Apartment, NSIT Dwarka, South West Delhi-110078 , declare that my date of birth was wrongly mentioned in my husband's army service record as 15.05.1964 instead of 25.05.1964. And my real and correct date of birth is 25.05.1964.

### सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल प्रेम चंद पुत्र श्री पथराम मकान न. 38, खसरा न. 616 (6/16), स्ट्रीट न. 1/3, ब्लॉक-ए, वेस्ट कमल विहार, करावल नगर, नॉर्थ पूर्वी दिल्ली -110094। अपने पुत्र विष्णु, व उसकी पत्नी तुलसी को उनके बुरे बर्ताव के कारण अपनी चाल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा है भविष्य मे इनसे किसी लेन-देन व कार्य से इनका कोई लेना देना नहीं होगा।

**Dr. RADHA PARIHAR & ASSOCIATES, ADVOCATES**
CHAMBER NO. D-603, KARKARDOOMA COURTS, DELHI-110032

### NAME CHANGE

I hitherto known as Revati Vinaykumar Tiwari D/O Vinay kumar Tiwari R/O H.no. C-15, Siraspur, Rana park, Badali, Samaipur, VTC: Siras Pur,PO: Siras Pur, District: North West Delhi, State: Delhi,110042, have change my name and shall hereafter be known as REESHIKA .

### NAME CHANGE

I hitherto known Sumitra alias Vandana D/O Mauji Ram W/O Satbir, R/O HOUSE NO-13 A, JHUGGI, BLOCK BG-7, Paschim Vihar S.O, West Delhi, Delhi - 110063, have change my name and shall hereafter be known as Sumitra

### PUBLIC NOTICE

I, Mr. Gopal, S/o Sh. Mamchand, R/o House No. N-86, Sarai Kale Khan, Nizamuddin, Delhi, do hereby solemnly affirm and declare as under: That my correct and actual Date of Birth is 11.07.1993. That my Date of Birth is correctly recorded as 11.07.1993 in my Aadhar Card, PAN Card, Driving Licence, and Election Identity Card. That due to inadvertence and unintentional error, my Date of Birth has been mentioned as 11.07.1989 in my educational documents. That the Date of Birth 11.07.1 89 appearing in my educational records is incorrect. My true, correct, and actual Date of Birth is 11.07.1993. That I am executing this affidavit to declare my correct Date of Birth and to request that the same 11.07.1993 be treated as my actual DOB for all official purposes, including issuance of my Passport.

### NAME CHANGE

I Virendra Verma S/O Ambika Prasad Verma R/O 116/521 Keshav Nagar Rawatpur Gaon Kanpur Nagar Uttar Pradesh 208019 Changed My Name to VIRENDRA KUMAR VERMA

### NAME CHANGE

I KM Rihana Bee W/O Mohd Sakib Khan R/O B-285 2 Floor Gali no 5 Kabir Nagar Gokal Puri Delhi 110094 Changed my Name to RIHANA BEE

### NAME CHANGE

I, Sajan S/o Ravi Prasad, R/o F-154, Ground Floor, Punjabi Basti, Baljeet Nagar, Patel Nagar West, Central Delhi, Delhi - 110008 have changed my name to Sajan Kumar for all intends and purposes.

### NAME CHANGE

I Ashmeet Kaur W/o Nirmal Jeet Singh Nayyar R/o 1/6319, Gali No. 4, East Rohtash Nagar, Delhi - 110032 have changed my name to Ashmeet Nayyar for the all future purposes.

### NAME CHANGE

I Anju W/o Rajbir Singh Yadav R/o Flat No. 6, Govt Employees CGHS Society, Sector 3, Rewari - 1234001 have changed my name to Anju Yadav for all future purposes.

### NAME CHANGE

I, Ravi S/o Radhe Shyam Verma R/o B-26, First Floor, Front Side LHS, Flat No.102, Block-B, Hastsal Vihar, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Ravi Verma.

### NAME CHANGE

I SHARDA SHARNA W/O Ashok sharma R/O KH no -58 Salem pur marza Vijay colony Burari Delhi 110084 Changed my Name to Sharda Sharma

### NAME CHANGE

I SHAHNAZ W/O MOHAMMAD IQUBAL R/O 576 , H BLOCK J J COLONY SHAKUR PUR DELHI-110034, I have changed my name to SHAHNAZ BEGAM Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE

I PAWAN S/O RAKSH PAL R/O H.NO B-219/18 B-BLOCK GALI NO-4 ARUN CLINIC SUSHILA GARDEN MANDOLI DELHI-110093,I have changed my name to PAWAN MAHOUR Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE

I DAVINDER KUMAR S/O ISHWAR DASS SHARMA R/O 17/25 A , POST OFFICE ROAD TILAK NAGAR NEW DELHI - 110018, I have changed my name to DAVINDER KUMAR SHARMA Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE

I MOHAMMAD SUHAIL NAUMANI S/O MOHAMMAD NAUMAN R/O , A- 262/8 JAMIA NAGAR OKHLA DELHI-110025, I have changed my name to MOHD SUHAIL NAUMANI Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE

I CHESHTA KALRA W/O ANIL KALRA R/O 9A/87 CHANNA MARKET NEAR SINGH PALACE HOTEL KAROL BAGH NEW DELHI - 110005, I have changed my name to REKHA KALRA Permanently for all Future purpose

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Amber Saini S/O: Yogender Kumar Saini, R/O Shop No. E-47-48, Madipur Colony, Main Market, Punjabi Bagh, Paschim Vihar, PO: Paschim Vihar, DIST: West Delhi, Delhi -110063, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Amber and Yogender Kumar in my OBC certificate no OBC/ 03/31/ 22336 / 21/3/2012/ 8931069708. The actual name of mine and my father are AMBER SAINI and YOGENDER KUMAR SAINI, respectively which may be amended accordingly

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Sadre Alam S/O Mustaq Ahmad, R/O 14/3, Gali No-14, Near Masjid, Village Wazirabad, Burari, North Delhi, Delhi 110084, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Kamra Alam and Mushtak Ahamd in my Driving license no DL 0820160368833.The actual name of mine and my father are SADRE ALAM and MUSTAQ AHMAD, respectively which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client Mr. Manish Kumar Trehan S/o Mr. Ramesh Chand Trehan is the owner of Freehold Residential Property Bearing No. D- 11, area measuring 85 Sq. Yards, out of Khasra No. 6, situated in the area of Village Bindapur, Colony known as Anoop Nagar Near Jeewan Park, Uttam Nagar, New Delhi. by virtue of Regd. General Power of Attorney Along with ATS & Regd. Will (Doc. No. 83) dated 18.01.2013., now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property Sold too be Mr. Arun Gupta & Mrs. Parul Gupta and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar, New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given by **Mrs. Aditi Sharma** who is purchasing Second floor built-up property no. 355, area measuring 84 sq. yds., out of khasra no. 4J22, situated in the abadi of New Layal Pur Extn. In the area of village Khureji Khas, Delhi-110051 Mr. Rajender Singh & Mr. Hardeep Singh who are the owner of the said property vide Sale Deed dated 26.12.2023 which is Registered as Document No. 12271 Book No. 1, Volume No. 10957 on Pages 34-39 on 27.12.2023 in SRO VIII and will be taking financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** That Original Death Certificate and SMC of Late Mrs. Satwant Kaur and Probate of WILL dated 31.07.1974 & Death Certificate of Late Mr. Balwant Singh are lost/Misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.

**Khaitan & Khaitan**
Plot No. 100 ,2nd floor
Okhla Phase III
Contact #011-49774545

### NAME CHANGE

I, Pawan Kumar S/O JK Jagwani resident of M-7 Malviya Nagar, Delhi-110017 have changed my name to Pawan Jagwani for all future references

### NAME CHANGE

I, JC-671866W Rank-Sub/SKT Name-KAILASH SINGH resident of NO-247, MAHADEV NAGAR NIWARU ROAD, JHOTWARA, JAIPUR, RAJASTHAN-302012, have changed my wife's name from MANJU to MANJU CHAUHAN for all future purposes vide affidavit dated 16/12/2025 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE

इसकी शुरुआती कीमत 4.80 लाख रुपये है, जो इसे बजट सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प बनाती है। हालांकि, कुल बिक्री के लिहाज से कंपनी को नवंबर में हल्की गिरावट का सामना करना पड़ा। अक्टूबर 2025 में जहां सिट्रोन ने 1,426 यूनिट्स की बिक्री की थी, वहीं नवंबर में यह आंकड़ा घटकर 1,224 यूनिट रह गया। नवंबर में सी3 की 861 यूनिट बिकीं, जबकि अक्टूबर में इसकी 897 यूनिट बिकी थीं। अन्य मॉडलों की बात करें तो बेसाल्ट कूपे की नवंबर में 139 यूनिट, सी3 एयरक्रॉस की 208 यूनिट और इलेक्ट्रिक मॉडल ईसी3 की सिर्फ 16 यूनिट बिकीं।

वहीं प्रीमियम एसयूवी सी5 एयरक्रॉस एक बार फिर शून्य बिक्री पर सिमट गई। इसमें एलईडी हेडलाइट्स, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स भी मौजूद हैं। कम कीमत और बेहतर फीचर्स की वजह से सी 3 भारतीय ग्राहकों की पसंद बनी हुई है।

सिट्रोन सी 3 के फीचर्स और इंजन ऑप्शंस इसे लोकप्रिय बनाते हैं। इसमें 1.2-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड और टर्बो पेट्रोल इंजन मिलते हैं। सेफ्टी के लिए अब इसमें स्टैंडर्ड 6 एयरबैग दिए गए हैं।

# गूगल ने भारत में एआई परियोजनाओं के लिए 80 लाख डॉलर का निवेश किया

**गूगल स्वास्थ्य मॉडल के विकास में सहयोग के लिए 4,00,000 अमेरिकी डॉलर भी देगा**

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मंगलवार को भारत में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और टिकाऊ शहरों के लिए एआई उत्कृष्टता केंद्रों को 80 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। कंपनी ने यह भी कहा कि भारत में स्वास्थ्य मॉडल के विकास में सहयोग के लिए वह 4,00,000 अमेरिकी डॉलर देगा। गूगल ने भारतीय भाषाओं के समाधान विकसित करने वाले स्टार्टअप्स ज्ञानीडॉटएआई, कोरोवरडॉटएआई और भारतजेन को 50,000 अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान किया। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई विविधता के लिए एआई मॉडल तैयार करना है। स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बहुभाषी एआई-संचालित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए वधवानी एआई को 45 लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि दी जाएगी। गूगल का कहना है कि यह कदम भारत में एआई के समावेशी विकास को मजबूत करेगा। गूगल ने 'मेडगेम्मा' आधारित स्वास्थ्य मॉडल के विकास के लिए 4,00,000 अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई। इसके साथ ही अजना लेंस भारतीय त्वचा विज्ञान और ओपीडी ट्रायजिंग में भारत-विशिष्ट मॉडल तैयार करेगी, जिसमें एआईआईएमएस के विशेषज्ञ सहयोग करेंगे। आईआईएससी के शोधकर्ता और चिकित्सक भी नैदानिक अनुप्रयोगों के लिए एआई मॉडल की संभावनाओं का अध्ययन करेंगे। गूगल ने आईआईटी मुंबई में नया भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए 20 लाख अमेरिकी डॉलर का प्रारंभिक योगदान देने की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वैश्विक एआई प्रगति भारत की भाषाई विविधता के अनुकूल हो।



# क्रिप्टो बाजार में भारी गिरावट, बिटकॉइन 85,700 डॉलर पर

**- पिछले 24 घंटे में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई**



**मुंबई ।** क्रिप्टोकरेंसी बाजार में मंगलवार को जबरदस्त बिकवाली देखने को मिली। बिटकॉइन समेत अधिकांश प्रमुख डिजिटल करेंसी में पिछले 24 घंटे में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके चलते ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर के स्तर से गिरकर 2.93 ट्रिलियन डॉलर रह गया। सिर्फ सोमवार से मंगलवार तक ही कुल मार्केट कैप में लगभग 11 लाख करोड़ रुपए की कमी आई। बिटकॉइन की कीमत भी 85,700 डॉलर पर आ गई, जो पिछले एक हफ्ते में 5 फीसदी से अधिक टूट चुकी है। अक्टूबर में यह 1.25 लाख डॉलर के आसपास थी। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीतियां, बढ़ते लिक्विडेशन, मुनाफावसूली और अमेरिकी टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता इस गिरावट के मुख्य कारण हैं। यह पिछले दो हफ्तों में क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है।




# टाटा पावर वेफर और इन्गोट परियोजना के लिए 6,500 करोड़ निवेश करेगी

**- परियोजना के लिए संभावित स्थल की खोज जारी**

**भुवनेश्वर ।** टाटा पावर के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि कंपनी 10 गीगावाट क्षमता वाला वेफर और इन्गोट संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इस परियोजना में लगभग 6,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह कदम टाटा पावर को सौर ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र में एक पूर्ण रूप से एकीकृत कंपनी बनाने की दिशा में है, क्योंकि कंपनी पहले से ही मॉड्यूल और सेल का निर्माण करती है। अधिकारी ने कहा कि कंपनी जनवरी 2026 तक परियोजना को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में परियोजना की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। परियोजना के लिए संभावित स्थल की खोज जारी है और स्थान चयन से पहले राज्य की नीतियों और प्रोत्साहनों पर विचार किया जाएगा। टाटा पावर वर्तमान में ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर नजर डाल रही है। चयनित स्थल पर कंपनी जल और इन्गोट संयंत्र स्थापित करने के साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा मिलने वाले प्रोत्साहनों को भी ध्यान में रखेगी। कंपनी की कुल ऊर्जा क्षमता 15.9 गीगावाट है, जिसमें थर्मल, सौर और पवन ऊर्जा शामिल हैं। इसके अलावा, टाटा पावर परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार की भी योजना बना रही है। निजी कंपनियों के लिए कानूनी संशोधनों के बाद कंपनी 20-50 मेगावाट क्षमता वाले छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) परियोजनाओं की संभावनाओं का पता लगाएगी। इस नई परियोजना के साथ, टाटा पावर सौर ऊर्जा उत्पादन में और अधिक आत्मनिर्भर बनकर ऊर्जा क्षेत्र में अपनी भूमिका मजबूत करेगी।

# अर्चना व्यास बनीं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की भारत कंट्री डायरेक्टर

**नई दिल्ली ।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने अर्चना व्यास को भारत में अपना नया कंट्री डायरेक्टर नियुक्त किया है। वे हरि मेनन का स्थान लेंगी, जो जनवरी 2026 में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका संभालेंगे। अर्चना व्यास फाउंडेशन के स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक समानता और कृषि विकास पहलों की देखरेख करेंगी। उनका कार्यभार भारतीय सरकारी एजेंसियों, परोपकारी संस्थाओं और निजी क्षेत्र के साझेदारों के साथ सहयोग को मजबूत करना होगा। व्यास 2014 से फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और इसके स्वास्थ्य एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में सक्रिय रही हैं। उन्होंने कहा कि वे भारत सरकार के 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को साकार करने के लिए सभी साझेदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। इस नियुक्ति से फाउंडेशन और भारत के बीच सहयोग और मजबूती पाने की उम्मीद है।

# बीडीएमए ने केंद्र से एमआईपी लागू करने में तेजी लाने का किया आग्रह

**एमआईपी लागू होने पर भी मरीजों के लिए दवाओं की कीमतों में वृद्धि नहीं होगी**

**हैदराबाद ।** केंद्र सरकार ने चीन से सस्ते आयात के दबाव से घरेलू दवा निर्माताओं की सुरक्षा के लिए न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) लागू करने की तैयारी शुरू की है। चीन द्वारा हाल ही में आयात कीमतों में भारी कटौती ने घरेलू उद्योग के लिए चुनौती पैदा की है। थोक दवा निर्माताओं ने इसे संरक्षणवादी कदम के बजाय समयबद्ध सुधारात्मक उपाय के रूप में देखा है। बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (बीडीएमए) ने एमआईपी के प्रस्ताव का समर्थन किया है। उनके अनुसार, लगातार कम कीमतों और अनुचित मूल्य निर्धारण से घरेलू उत्पादन की व्यवहार्यता खतरे में है। बीडीएमए ने सरकार से आग्रह किया है कि एमआईपी पर शीघ्र विचार किया जाए, ताकि देश में समान अवसर और दीर्घकालिक एंटीबायोटिक सुरक्षा सुनिश्चित हो। एमआईपी लागू होने पर भी मरीजों के लिए दवाओं की कीमतों में वृद्धि नहीं होगी। दवाओं का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर रहेगा, भले ही एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) की कीमतें बढ़ जाएं। बीडीएमए के अनुसार प्रस्तावित एमआईपी स्तर उचित और तर्कसंगत हैं, जिससे फॉर्मूलेटर या उपभोक्ताओं पर महंगाई का कोई असर नहीं होगा।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 13 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.91 पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में सफलता न मिलने और विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली के चलते रुपया मंगलवार को 90.87 प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 90.77-90.87 के दायरे में कारोबार करता रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने हालांकि घरेलू मुद्रा में और गिरावट को रोका। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.78 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 98.27 पर रहा।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 533, निफ्टी 167 अंक गिरा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही रियल्टी और बैंकिंग स्टॉक्स में हुई बिकवाली से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 533.50 अंक टूटकर 84,679.86 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 167.20 अंक फिसलकर 25,860.10 पर रहा था। आज आईटी और बैंकिंग शेयरों के कारण बाजार पर दबाव आया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.84 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.23 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और पीएसई इंडेक्स में दबाव रहा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी मीडिया इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए।

सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, भारती एयरटेल, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर लाभ में रहे थे जबकि एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टीसीएस, सन फार्मा, एलएंडटी, पावर ग्रिड, एचयूएल, बीईएल, एसबीआई, मारुति सुजुकी के शेयर नुकसान में रहे।

बीएसई पर 1,654 शेयर आज लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 2,523 शेयर लाल गिरावट पर रहे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स गिरावट के साथ 85,025 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 356.17 अंक की गिरावट के साथ 84,857.19 अंक पर कारोबार कर रहा निफ्टी-50 भी बड़ी गिरावट के साथ 25,951 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही इसमें कमजोरी देखी गई जिसके बाद निफ्टी 105.35 अंक की गिरावट के साथ 25,919 अंक पर कारोबार करता नजर आया।

एशियाई शेयर बाजार में आज गिरावट रही। एशिया के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। इसकी वजह वॉल स्ट्रीट में आई गिरावट रही। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.27 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी लगातार दूसरे सेशन में नुकसान में रहा और 0.75 फीसदी नीचे आया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 लगभग सपाट रहा।

**अमेरिका में बाजार गिरावट के साथ बंद-**

अमेरिका में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 शुरुआती बढ़त गंवाकर 0.16 फीसदी गिरा। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.09 फीसदी की हल्की गिरावट आई, जबकि टेक शेयरों वाला नैस्डैक कंपोजिट 0.59 फीसदी नीचे बंद हुआ।



# भारत का ऊर्जा क्षेत्र 11 वर्षों में अद्वितीय प्रगति की ओर: पीयूष गोयल

## - भारत ने बिजली की कमी से बिजली सुरक्षा और स्थिरता की ओर बड़ी छलांग लगाई है

**नई दिल्ली ।**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में बिजली उत्पादन, ग्रिड एकीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2013 में जहां बिजली की कमी 4.2 फीसदी थी, वहीं अब 2025 तक केवल 0.1 फीसदी रह गई है। देश ने 250 गीगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। गोयल ने बताया कि सौर ऊर्जा क्षमता पिछले 11 सालों में 46 गुना बढ़ी, जिससे भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर आ गया है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 2014 के 21 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 53 गीगावाट हो गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत ने 1,048 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जबकि कोयला आयात लगभग 8 फीसदी घटा। भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब बन चुका है और रिफाइनिंग क्षमता में 20 फीसदी तक वृद्धि की योजना है। देश में 34,238 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन स्वीकृत की गई, जिसमें से 25,923 किलोमीटर कार्यरत हैं। गोयल ने बताया कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र की सफलता 5 प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। पहला स्तंभ, सभी तक बिजली पहुंच है।

भारत ने सौभाग्य योजना के तहत हर घर में बिजली पहुंचाई है। इसके साथ ही, उजाला योजना के तहत 47.4 करोड़ एलईडी बल्ब वितरित किए गए हैं, जिससे बिजली के बिलों में कमी आई और कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ है। दूसरा स्तंभ सस्ती बिजली है। भारत सरकार ने सौर, पवन और अन्य साफ ऊर्जा उपकरणों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया है। इसके अलावा, ईथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को 2030 से पहले ही 20 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया। तीसरा स्तंभ बिजली की उपलब्धता है। भारत ने 2013 में जहां 4.2 प्रतिशत बिजली की कमी अनुभव की थी, वही अब यह कमी 2025 तक 0.1 प्रतिशत रह गई है।

# लिशस ने पहली बार मासिक राजस्व 100 करोड़ पार किया

**नई दिल्ली ।**

ओमनीचैनल मीट और सीफूड रिटेलर लिशस ने नवंबर 2025 में 104 करोड़ रुपये का शुद्ध मासिक राजस्व दर्ज किया। यह कंपनी का पहला तीन-हंड्रेड अंक वाला मासिक प्रदर्शन है। अक्टूबर में 94 करोड़ रुपये के मुकाबले यह वृद्धि महामारी के बाद मांग में तेजी का संकेत देती है। डिलाइटफूल गॉरमेट प्राइवेट लिमिटेड के लिए वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कुल 530 करोड़ रुपये का राजस्व रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। नवंबर में ऑनलाइन चैनलों से 88 करोड़ रुपये और ऑफलाइन स्टोर्स से 16 करोड़ रुपये का योगदान आया। कंपनी के पास तीन प्रमुख महानगरों में 55 से ज्यादा फिजिकल स्टोर हैं, जो अब केवल ब्रांड एक्सपोज़र का टचपॉइंट नहीं बल्कि राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देने लगे हैं। लिशस लगभग 15 लाख उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती मांग और परिपक्व ओमनीचैनल रणनीति के चलते आगामी महीनों में कंपनी का प्रदर्शन और बेहतर होगा।

# राजनीती में व्यक्तिगत आरोपों से बचें मयार्दा से काम करें



संजय गोस्वामी



**स्वामी विवेकानंद ने राज योग (1896) में कहा थाः राम हमें दिखाते हैं कि धर्म नियमों का सख्ती से पालन करना नहीं है, बल्कि इंसानी कामों के तालमेल का जीता-जागता उदाहरण है इसलिए भगवान पर भरोसा रखें वाद विवाद से बचें व्यक्तित आरोपों से बचना चाहिए। मयार्दा में रह कर ही देश की गरिमा बचेगी और आप कों कौन क्या कहता है इसपर ध्यान देने की जरुरत नहीं है आरोप का जबाब काम से दें ईश्वर हमेशा सही वक़्त पर सही न्याय देता है बस सब्र बनाये रखें विश्वास रखें और जब मन शांत होगा तभी अच्छा विचार आएगा।**

आज सत्ता पक्ष और विपक्षी नेता के बीच गजब का न्यूज चल रहा किसी के ऊपर व्यक्तिगत आरोप नहीँ लगाना चाहिए राम लीला मैदान में जो घटना क्रम हुआ उससे विदेशों में भारत की छवि खराब हो रही है एक दूसरे पर वीडियो वाइरल होना ठीक नहीँ है आप सभी संयम से काम ले और भगवान राम पर विश्वास रखें हमें लगता है कि इसमें अब कुछ उद्योग पति भी मिल गए है क्योंकि इतना बड़ा आयोजन हेतु फंड कौन कर रहा है प्रधानमंत्री पर निजी टिपण्णी करना लोकतंत्र के खिलाफ है जब चुनाव होगा तो काम के दम पर ही जीत मिलेगी इसलिए मेहनत स्टेज पर और भाषण से नहीँ यदि विपक्ष में है तो जनता और देश के सम्मान में काम करना होगा जब स्व अटलजी जैसे मेहनत कर देश का नाम ऊँचा करने वाले पर भी उनके व्यक्तिगत आरोप उनके निधन पर देखता हूँ तो कहाँ कहाँ से घटिया न्यूज बनाते है समझ में नहीँ आता जिसने 1998 में देश में पोखरण परमाणु परीक्षण और 1999 में कारगिल युद्ध में देश का मस्तिष्क ऊँचा किया था आज हमें देश के विकास के लिए वैज्ञानिकों पर भरोसा करना होगा जो आज बड़ी तेजी से पलायन कर रहे है वैज्ञानिक संसाधनों का विकास ही देश कों टेक्नोलॉजी के क्षेत्र मं आगे ले जा सकता है चाहे अंतरिक्ष के क्षेत्र में हो या कृषि या रक्षा के क्षेत्र में या परमाणु के क्षेत्र में सभी में वैज्ञानिकों पर विश्वास करना आवश्यक है हो सकता है तुरंत परिणाम ना निकलें क्योंकि शोध में कई साल लगते है और इसलिए संयम और शांति की आवश्यकता है सत्ता आती है जाती है लेकिन देश में वैज्ञानिक कार्यों में विकास की आवश्यकता है जिससे देश में अपना सामान खुद बना सकते है और युवाओ के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म होगा टेक्नोलॉजी के मामलों में टैलेंटेड होने के बाद भी उसका सही इस्तेमाल नहीँ हो रहा है जिसमे सभी पार्टियों कों साथ में मिलकर काम करना चाहिए अगर टेक्नोलॉजी होगी तभी देश आत्मनिर्भर होगा और भारत में संसाधनों की कमी नहीँ है और जनसंख्या के हिसाब से देश चीन के बाद ऐशिया में दूसरे नम्बर पर है आखिर चीन से हमें क्यों आयात करना होता है जब हम खुद ही उसे बनाने में सक्षम है नई सरकार जब 2014 में बीजेपी की आई तो उस समय सरकारी तंत्र तो विपक्षी दल के पास ही था आखिर क्या कारण था कि देश में जनाधार नहीँ मिला और अब तक सत्ता में नहीँ आ रहे है काम पर फोकस ज्यादा जरुरी है 2014 में जब नई सरकार आई तो विश्व योगदिवस चालू हुआ लेकिन योग का सही अर्थ समझना जरुरी है जिसके लिए भगवान राम के बारे में ध्यान करना जरुरी है जो किसी धर्म और जाति से नहीँ जुड़े है बल्कि मानवता की रक्षा के लिए मयार्दा का पालन करना सिखाते हैं अतः आज सभी मयार्दा की सारी सीमा लांघ गए है जो देशहित में नहीँ है इसपर शांति से काम लेना होगा भगवान राम ने ना तो रावण के व्यक्तिगत जीवन पर कोई टिपण्णी की और ना ही उनके सबसे बड़े वैज्ञानिक हनुमान के विश्वास कों तोड़ा और यही उनके जीत की सबसे बड़ा कारण थी रावण प्राकृतिक के नियम कों नहीँ मानता था और मनुष्य कों मनुष्य ना समझ कर जानवर समझता था इसलिए मनुष्य के रुप में भगवान राम और बानर सेना जो जानवर की श्रेणी में आते हैं ने एक जुट होकर रावण कों हराया और उसका घमंड चूर किया जबकी रावण मनुष्य से अलग शंकर भगवान की कृपा से मायाबी शक्ति हासिल किया फिर भी भगवान राम ने साधारण मनुष्य के रूप में वध कर ही दिया कौन क्या किया और क्या कर रहा है उसकी नजरें सब पर टिकी हैं और अन्त समय कहाँ बचने वाले हैं अतः शांति से काम लें धरना प्रदर्शन से देश का माहौल खराब होता है सत्ता आती है जो जाएगी भी लेकिन आपका व्यक्तिगत सम्बन्ध ही काम आएगा अतः शांति से काम लेने की जरुरत है समय के साथ कर्म करते चले वोट चोरी कैसे हुई इसपर न्यायलय है वहाँ ही न्याय मिल सकता है देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है हंगामा कहीं से भी हो उसका नुकसान ही होगा अतः शांति से काम लें धैर्य रखें जनता पर विश्वास कर उनके कार्य कों करेंगे तो जनाधार मिलेगा वोट चोरी होती तो बीजेपी पश्चिम बंगाल और साउथ में भी जीतती लेकिन ऐसा नहीँ हुआ नमस्कार,मेरे रोम रोम में बसने वाले राम का गाना सुना भगवान राम पर एक गाना हो जो सबको सही संदेश दे उस वक़्त मनोज कुमार ने नीलकमल फिल्म में गाना अपनी पसंद का लिखाया था गाना के गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा आशा भोसले ने गया लता जी संप्रदायक के कारण नहीँ गई और वाहिदा रहमान को इसी गाने फिल्म नीलकमल में बेस्ट एक्टिव का खिताब भी मिला अब यहाँ धर्म कहाँ आ रहा है धर्म में नफरत राजनीती पक्ष ने ही पैदा की है जिसे मिटाने की आवश्यकता है योग से ध्यान का मतलब होता है जोड़ जो आत्मा को परमात्मा से मिलने को होता है जो ध्यान से होता है और ध्यान के लिए अपने को भगवान श्री राम ही सत्य है वो योग रामदेव बाबा वाला एक भ्रमजाल है क्योंकि शरीर को ध्यान से ठीक करें हर दिन भगवान राम का ध्यान करते रहें और बार बार करने से ध्यान में जो हमारे विकास हैं वो दूर होते हैं ऐ बात सत्य है कि आपका अपना कोई इस संसार में नहीं है सभी ध्यान भटकाने के लिए हैं कुछ साल बाद भगवान श्री राम की ताकत का अहसास होगा और चन्दन की खुसबू मिलेगी जो हमेशा आपके रक्षा के लिए खड़ा होगा डर खत्म कर देगा या तो इस स्थूल शरीर के लिए या सूक्ष्म शरीर के लिए इसलिए जन्मजन्मातर तक हमेशा प्रकाशित करेगा यही प्रभु राम की ताकत है भगवान राम किसी धर्म से जोड़ कर आपस में वैर करना ठीक नहीँ है राम के गुणों को लीडरशिप, साइकोलॉजी और नैतिक विकास में उनके कार्य के अनुसार जो आज की चुनौतियों है उससे शांति से निपटने के लिए भगवान राम गुणों की हमेशा याद करने की जरूरत है। जैसा कि ओलिवेल (2017) ने रिलिजन इन द रामायणः कॉन्टेक्स्चुअल एप्लीकेशंस एंड सिग्निफिकेंस फॉर टुडे में लिखा है, राम का किरदार सिर्फ.एक ऐतिहासिक या पौराणिक किरदार नहीं है, बल्कि इंटीग्रेटेड एक्सीलेंस का एक बड़ा उदाहरण है जो इंसानी क्षमता और सोशल इंटरेक्शन को जानकारी देता रहता है। राम के गुणों को समझने के मुख्य सोर्स में वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और कई पौराणिक रेफरेंस शामिल हैं। इनमें से हर किताब राम को अलग-अलग नजरिए से दिखाती हैः ऐतिहासिक, फिलॉसॉफिकल, भक्ति और आध्यात्मिक, जिससे एक अलग-अलग तरह की तस्वीर बनती है जिसे ध्यान से जोड़ना चाहिए। जैसा कि डॉ। रॉबर्ट गोल्डमैन द रामायण ऑफ वाल्मीकिः एन एपिक ट्रांसलेशन (1984) में बताते हैं, रामायण के अलग-अलग वर्शन के बीच दिखने वाली कमियां तब गायब हो जाती हैं जब हम उन्हें एक ही बुनियादी सच पर विरोधाभासी नजरिए के बजाय एक-दूसरे को पूरा करने वाले नजरिए के तौर पर समझते हैं। पोलक (2021) की हालिया छात्रवृत्ति, वाल्मीकि की रामायणः प्राचीन भारत का एक महाकाव्य, पाठ के ऐतिहासिक संदर्भ को समझने के महत्व पर जोर देती हैः रामायण एक ऐतिहासिक कथा (इहसास), एक नैतिक मार्गदर्शिका (धर्मशास्त्र), और एक आध्यात्मिक पाठ (मोक्षशास्त्र) के रूप में एक साथ कार्य करती है, जिसके लिए बहुआयामी व्याख्या दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। विश्लेषणात्मक समझ पर कई दृष्टिकोण राम के गुणों का गहन विश्लेषण करने के लिए, हम कई सैद्धांतिक ढांचे का उपयोग करते हैंः 1. हेमेर्नेयुटिक विश्लेषणः आवश्यक गुणों की पहचान करने के लिए प्राथमिक ग्रंथों में राम के गुणों की की बारीकी से व्याख्या करना 2. तुलनात्मक विश्लेषणः राम के गुणों की वर्तमान सैद्धांतिक रूपरेखाओं से व्यवस्थित रूप से तुलना करना 3. क्रॉस-सांस्कृतिक विश्लेषणः अन्य ज्ञान परंपराओं में समानताओं की जांच करना 4 यह तरीका ब्रायमन (2018) के कहे थ्योरेटिकल ट्रायंगुलेशन से मेल खाता हैः एक ही चीज को कई थ्योरेटिकल नजरिए से देखना ताकि उसे पूरी तरह समझा जा सके। 1. पर्सनल सचः राम के विचारों, शब्दों और कामों में एक जैसापन 2. सोशल सचः सभी रिश्तों और लेन-देन में ईमानदारी 3. कॉस्मिक सचः धार्मिक सिद्धांतों और यूनिवर्सल ऑर्डर के साथ तालमेल 4. ट्रांसेंडेंट सचः परम सत्य (ब्रह्म) से जुड़ाव डॉ. एस. राधाकृष्णन ने इंडियन फिलॉसफी वॉल्यूमक (1923) में कहा थाः राम का सच बोलना (सत्य व्रत) सिर्फ.झूठ से दूर रहना नहीं है, बल्कि सच को उसके पूरे मतलब में अपनाना है–जो अस्तित्व के सभी लेवल पर सच से मेल खाता है। कॉग्निटिव कंसिस्टेंसी की साइकोलॉजिकल थ्योरी (फेस्टिंगर, 1957) राम के किरदार में पूरी तरह से दिखाई देती है, जहाँ विश्वास, भावना और काम के बीच कोई तालमेल नहीं है। सियालडिनी (2016) का प्री-सुएशन पर हालिया काम बताता है कि यह कंसिस्टेंसी एक ट्रस्टवदीर्नेस फील्ड बनाती है जो असल में बदल देती है कि दूसरे लोग कम्युनिकेशन कैसे लेते हैं और उस पर कैसे रिस्पॉन्ड करते हैं। फ्रैंकफर्ट (2018) ने कंटेम्पररी टुथ स्टडीज में, ऑन टुथ, लाइज, एंड बुलशिट, असली सच और एक्चुअल सच के बीच फर्क किया है, यह फर्क राम की मल्टीडाइमेंशनल सच्चाई में पूरी तरह से साफ दिखता है। फ्रैंकफर्ट कहते हैंः एक सच्चे सच बोलने वाले को सिर्फ सटीकता से नहीं, बल्कि असलियत की ओर एक बुनियादी झुकाव से अलग किया जाता है, एक ऐसी क्वालिटी जो राम के सभी इंटरैक्शन की खासियत है। धर्मः नेकी का डायनामिक प्रिंसिपल राम के धर्म से रिश्ते को समझने के लिए, हमें सिर्फ नियम मानने से आगे बढ़कर धर्म को एक जीते-जागते, सांस लेने वाले प्रिंसिपल के तौर पर समझना होगा जो अपने जरूरी नेचर को बनाए रखते हुए कॉन्टेक्स्ट के हिसाब से ढल जाता है। धर्म को एक नदी की तरह सोचें जो अलग-अलग इलाकों से बहते हुए भी अपना असली रूप बनाए रखती है। राम दिखाते हैं कि मॉडर्न एथिक्स जीसे सिचुएशनल विजडम कहते हैं यह खास सिचुएशन में यूनिवर्सल प्रिंसिपल्स को अप्लाई कर उनके काबिलियत पर जानने की जरुरत है। भगवान राम ने जब अलग-अलग काम राजधर्म बनाम पुत्रधर्म सामने आते हैं, तो राम का पक्का इरादा दिखाता है यानी मयार्दा का पालन करना जिसे बाद में फिलॉसफर जॉन रॉल्स ने रिफ्लेक्टिव इक्विलिब्रियम कहा। जैसा कि स्वामी विवेकानंद ने राज योग (1896) में कहा थाः राम हमें दिखाते हैं कि धर्म नियमों का सख्ती से पालन करना नहीं है, बल्कि इंसानी कामों के तालमेल का जीता-जागता उदाहरण है इसलिए भगवान पर भरोसा रखें वाद विवाद से बचें व्यक्तित आरोपों से बचना चाहिए। मयार्दा में रह कर ही देश की गरिमा बचेगी और आप कों कौन क्या कहता है इसपर ध्यान देने की जरुरत नहीँ है आरोप का जबाब काम से दें ईश्वर हमेशा सही वक़्त पर सही न्याय देता है बस सब्र बनाये रखें विश्वास रखें और जब मन शांत होगा तभी अच्छा विचार आएगा।

## संपादकीय

### बेरोजगार नौजवानों को आकर्षित करने में विफल

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत अवसर एक लाख 65 हजार थे, लेकिन सवा 33 हजार नौजवान ही ज्वाइन करने को तैयार हुए। उनमें से भी लगभग 20 फीसदी ने बीच अवधि में ही इसे छोड़ दिया। यह कहना शायद जल्दबाजी हो कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना फेल हो गई है। फिर भी यह तो कहा ही जाएगा कि ज्यादातर बेरोजगार नौजवानों को आकर्षित करने में यह विफल रही है। यह बात की पुष्टि खुद संसद में पेश सरकारी आंकड़े करते हैं। कंपनी मामलों के राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने लोकसभा में बताया है कि पहले दो चरणों में सिर्फ 33,300 नौजवानों ने इंटर्नशिप स्वीकार की। उनमें से 6,618 ने बीच में ही इसे छोड़ दिया। पहले चरण में कंपनियों ने 82 हजार और दूसरे चरण में 83 हजार इंटर्नशिप के ऑफर दिए। यानी अवसर एक लाख 65 हजार थे, जबकि सवा 33 हजार नौजवान ही ज्वाइन करने को तैयार हुए। उनमें से भी लगभग 20 फीसदी ने बीच अवधि में ही इसे छोड़ दिया। छोड़? वालों में बड़ी संख्या उन इंटर्न्स की रही, जिन्होंने कार्यस्थल दूर होने या परिवहन सुविधाजनक ना होने को अपने फैसले की वजह बताया। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र ने बड़े धूम-धड़ाके से यह योजना घोषित की थी। इसके तहत इंटर्नशिप लेने वाले नौजवानों को एक बार छह हजार रुपए के भुगतान के अलावा 12 महीनों तक पांच हजार रुपए का भत्ता देने का प्रावधान है। सरकार ने कहा था कि इस योजना के तहत पांच वर्ष में एक करोड़ नौजवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे रोजगार का कौशल हासिल कर सकें। मगर पहले दो वर्ष में योजना पर अमल के जो आंकड़े सरकार ने दिए हैं, जाहिर है, वे निराशाजनक हैं। कारण बुनियादी है। बेरोजगारी की समस्या ऐसी मरहम-पट्टी से दूर नहीं होने वाली है। इसके लिए आर्थिक सोच में आमूल परिवर्तन करना होगा। उत्पादन एवं वितरण से संबंधित वास्तविक अर्थव्यवस्था तथा मानव विकास में लगातार निवेश हो, इसे सुनिश्चित करना होगा। मूलभूत क्षेत्रों में निवेश की कमी भारत में बेरोजगारी का प्रमुख कारण है। पिछले लोकसभा चुनाव में अचानक यह समस्या सतह पर उभरती नजर आने लगी। तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इस योजना के जरिए समाधान का संदेश देने की कोशिश की। लेकिन गंभीर मसलों से सचमुच आंख मिलाने की इच्छाशक्ति ना हो, तो ऐसे संदेश बेअसर ही साबित होते हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो। संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है। शिव वह सामंजस्यपूर्ण सरलता है जो कोई नियंत्रण नहीं जानती। शिव का विपरीत है वशी, यानी नियंत्रण। नियंत्रण मन का होता है। नियंत्रण का अर्थ है दो, द्वैत, कमजोरी। वशी का अर्थ है स्वाभाविकता से कुछ करने के बजाए दबाव द्वारा कुछ करना।

# संवैधानिक कोर्ट के फैसलों का कड़ाई से पालन हो; नागरत्ना



सनत जैन

न्यायपालिका केवल फैसलों का मंच नहीं है और न ही न्यायपालिका कोई प्रशासनिक मंच ही है। न्यायाधीश को हर प्रकरण में गुण और दोष के आधार पर बिना किसी भेदभाव के संविधान के अनुसार फैसला देने की बाध्यता है। न्यायपालिका वह अंतिम सीढ़ी है, जो संविधान के अनुसार विधायिका और कार्यपालिका जो निर्णय करती हैं, इसकी विवेचना करते हुए संविधान के अनुसार सही हो। यह न्यायपालिका को सुनिश्चित करना होता है। भारतीय संविधान ने न्यायपालिका को सर्वोच्च स्थिति में रखा है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट संविधान के प्रावधानों का पालन मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखते हुए नियम और कानून के अनुरूप हो। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संविधान ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को सौंपी है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को एक समान अधिकार प्राप्त हैं। इनमें अंतर केवल इतना है, कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश अपने अधिकारिता के क्षेत्र में निर्णय कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर लागू होते हैं। सुप्रीम कोर्ट को हाईकोर्ट से इतर एक विशेष अधिकार प्राप्त है। वह हाईकोर्ट के निर्णय की समीक्षा कर उनके निर्णय को बदलने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को होता है।

मौत की सजा वाले विशेष मामले को छोड़कर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर सभी के लिए अंतिम निर्णय के रूप में बंधनकारी होता है। अनुशासन, परंपरा और संस्थागत संतुलन का यह संवैधानिक ढांचा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस नागरत्ना द्वारा दिया गया हालिया फैसला, 2014 की संविधान पीठ के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए जो टिप्पणी की है, संवैधानिक पीठ के निर्णय को सर्वोच्चता प्रदान की है। न्याय पालिका में अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी और जवाबदारी को स्पष्ट किया है। जो न्यायपालिका के अनुशासनात्मक ढांचे की रक्षा का सशक्त उदाहरण है। यह निर्णय सिर्फ.एक कानूनी विवाद का अंत नहीं करता, बल्कि न्यायिक वरीयता क्रम और संस्थागत मयार्दा की अनदेखी पर गहरी चिंता जताता है। संविधान पीठ के निर्णय सर्वोच्च न्यायिक विवेक द्वारा गंभीर विचार विमर्श के बाद लिए जाते हैं। इन्हें वर्षों की सुनवाई, व्यापक बहस और संवैधानिक व्याख्या के बाद दिया जाता है। ऐसे में अनुच्छेद 32 के तहत वर्षों बाद उसी निर्णय को चुनौती देना न्यायिक अनुशासन पर सीधा प्रहार है। यही कारण है, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने इस याचिका को न केवल खारिज किया, बल्कि याचिकाकर्ता पर 1 लाख का जुमार्ना लगाकर स्पष्ट संदेश दिया है, कि न्यायिक निर्णयों के वरीयता क्रम की अवहेलना किसी भी कीमत में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। यह नाराजगी केवल न्यायाधीशों की व्यक्तिगत असहमति नहीं, बल्कि न्यायपालिका की संस्थागत चिंता का विषय है। संविधान पीठ के ही निर्णयों को न्यायपालिका या न्यायपालिका से जुड़े अधिवक्ताओं द्वारा हल्के में लिया जाएगा, तो न्यायिक स्थिरता बनाए रखना संभव नहीं होगा। हर फैसले को बार-बार चुनौती मिलेगी। जिससे निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालतों तक भ्रम और अराजकता को फैलाने का कारण बनेगी। अदालत का यह कहना कि ऐसी याचिकाएं पूरे न्यायपालिका के सिस्टम को 'चरमराने' की ओर ले जाती हैं। मामले का संवैधानिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

शिक्षा का अधिकार (अनुच्छेद 21ए) और अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक अधिकार (अनुच्छेद 30) के बीच संतुलन को बरकरार रखते हुए संविधान पीठ का निर्णय था। 2014 के फैसले में संवैधानिक पीठ ने स्पष्ट व्याख्या करते हुए अल्पसंख्यक संस्थानों को आरटीआई से छूट दी थी। उस संतुलन को वर्षों बाद तोड़ने की कोशिश न्यायिक परंपरा के विरुद्ध है। यह केवल कानून की पुनर्व्याख्या नहीं, बल्कि स्थापित संवैधानिक व्यवस्था को अस्थिर करने का सुनियोजित प्रयास माना जा सकता है। अदालत की सख़्ती ने वकीलों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाये हैं।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अधिवक्ताओं से अपेक्षा है, वह वरीयताक्रम, बाध्यकारी फैसलों और न्यायिक मयार्दा का सम्मान करें। दुर्भावनापूर्ण या अविवेकपूर्ण याचिकाएं न केवल अदालत का समय नष्ट करती हैं बल्कि आम नागरिकों के न्याय पर जो भरोसा है, उसको कमजोर करती हैं। वर्तमान स्थिति में जब लोकतांत्रिक संस्थाएं लगातार कई प्रकार के दबाव का सामना कर रही हैं, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय न्यायपालिका की आत्मरक्षा के साथ-साथ लोगों का भरोसा न्यायपालिका पर बनाए रखने जैसा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना का साफ संदेश है, वरीयता क्रम की अनदेखी से न्यायाधीशों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसी प्रवृत्तियों पर कठोरता के साथ रोक लगाना आवश्यक है। न्यायपालिका की मजबूती, अनुशासन, न्यायायिक निर्णयों की स्थिरता ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यह फैसला उसी मूल भावना को पुष्ट करता है।

# संसद में प्रदूषण पर चर्चा का मुद्दा



राज कुमार सिन्हा

वायु प्रदूषण आज हमारे समय का सबसे मौन लेकिन सबसे घातक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। शहर हों या गांव, हर जगह हवा में घुले अदृश्य जहरीले कण, जैसे औद्योगिक धुआं, वाहनों का उत्सर्जन, थर्मल पावर प्लांटों की राख और घरेलू ईंधन का धुआं लोगों की सांसों पर भारी पड़ रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि लोग बिना शोर-शराबे के बीमार हो रहे हैं। न इसका दर्द तुरंत दिखता है, न इसकी मार तत्काल महसूस होती है, लेकिन शरीर को भीतर से खोखला करने की इसकी क्षमता बेहद तेज है। आज हवा में घुला जहर केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर चल रहा एक धीमा हमला है।

वायु प्रदूषण को रोकना अब केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं रहा, यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति बन चुका है। वायु प्रदूषण सिर्फ स्वास्थ्य की समस्या नहीं, यह सामाजिक असमानता का आईना भी है। सबसे गंदी हवा वही लोग सांस में लेते हैं जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं, गरीब परिवार, सड़क किनारे रहने वाले लोग, औद्योगिक क्षेत्रों के पास बसे समुदाय और मेहनतकश मजदूर। सांस की बीमारियां जैसे अस्थमा, सीओपीडी, खांसी, ब्रोंकाइटिस अब हर घर की सामान्य शिकायत बनती जा रही हैं। दिल और दिमाग पर इसका प्रभाव और भी घातक है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण रक्त में घुलकर दिल का दौरा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा देते हैं। वायु प्रदूषण की सबसे ज्यादा मार बच्चों पर पड़ती है। उनके विकसित होते फेफड़े प्रदूषित हवा सहन नहीं कर पाते, जिससे जीवनभर के लिए फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है।

बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी अत्यधिक जोखिम में रहती हैं, क्योंकि उनकी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता हवा में मौजूद सूक्ष्म विषैले कणों से प्रभावी ढंग से लड़ नहीं पाती।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के जलवायु, पर्यावरण और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वायु प्रदूषण से हर साल विश्व में लगभग 90 लाख मौतें होती हैं। नवंबर में प्रकाशित लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 मंफ भारत में 17 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं। यह संख्या 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 7.5 लाख मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है। अकेले कोयले से लगभग 4 लाख मौतें हुई हैं। वैश्विक स्तर पर जीवाश्म ईंधन से जुड़े वायु प्रदूषण के कारण 25.2 लाख मौतें दर्ज की गईं। ये निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं जब दिल्ली और उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा फिर से घने शीतकालीन धुंध की चपेट में है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 के पार पहुंच चुका है। कई इलाकों में पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक दर्ज किया गया है। हरियाणा में वायु प्रदूषण के कारण प्रीमेच्योर डिलीवरी के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

पीजीआई रोहतक की गायनी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया के अनुसार, एक वर्ष में 13, 500 डिलीवरी हुई है। इनमें से 18 प्रतिशत (2, 430 बच्चे) प्रीमेच्योर जन्मे हैं। इसका प्रमुख कारण प्रदूषण बताया गया है। राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा कोयला खदानों के पास रहने वाले 1, 202 लोगों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 14.3 प्रतिशत श्रमिकों, 10 प्रतिशत पर्यवेक्षक कर्मचारियों और 7.8 प्रतिशत स्थानीय निवासियों के फेफड़ों का कार्य असामान्य था। एक्स-रे में फेफड़ों में फाइब्रोसिस के मामले भी सामने आए हैं। भारत में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कानून मौजूद हैं। वायु (रोकथाम और प्रदूषण का नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत केंद्र और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निगरानी और कार्रवाई की शक्तियां दी गई हैं। 2019 में शुरू किया गया राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) देश का सबसे बड़ा केंद्र-स्तरीय प्रयास है, जिसका लक्ष्य 131 शहरों में पीएम 10 स्तर को 40 प्रतिशत तक कम करना है। हालांकि, 2019-2025 के बीच जारी 11, 211 करोड़ रुपये में से केवल 68 प्रतिशत (7, 594 करोड़ रुपये) का ही उपयोग हो पाया है।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 29 जिला मुख्यालयों की हवा पिछले वर्ष की तुलना में और खराब हुई है। इसमें इंदौर जैसे 'स्वच्छ शहर' भी शामिल हैं। आदिवासी बहुल जिलों अलीराजपुर, डिंडोरी, उमरिया, बैतूल में भी एक्यूआई लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने देश के 131 शहरों को नॉन-अटेनमेंट (वायु गुणवत्ता का अनुपालन नहीं करने वाला शहर) सिटी घोषित किया है। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर और देवास इस सूची में शामिल हैं।

राज्य सरकार ने शहरों में प्रदूषण कम करने के लिए नगर वन योजना को पुनर्जीवित करने की घोषणा की है, जिसके तहत पांच वर्षों में 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। लेकिन दूसरी ओर, भोपाल में 27, 000 पेड़ काटने का प्रस्ताव विरोध के बाद रद्द हुआ। अयोध्या बायपास विस्तार के लिए 8, 000 पेड़ों की कटाई पर विरोध। जबलपुर, सागर, रायसेन और मंडला में अवैध या नियमविरुद्ध पेड़ कटाई के मामलों पर हाईकोर्ट और एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ये उदाहरण दिखाते हैं कि विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरणीय संतुलन लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। उद्योग, शहरीकरण और उपभोग को अनियंत्रित रूप से बढ़ाते हुए हमने हवा, पानी और मिट्टी तीनों को प्रदूषित कर दिया है। वायु प्रदूषण अब भविष्य की नहीं, आज की आपदा है। अगर संसद, सरकार और समाज ने इसे स्वास्थ्य आपातकाल की तरह नहीं लिया, तो इसकी कीमत हमें सांसों से चुकानी पड़ेगी।

(लेखक बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ से जुड़े हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या मामला : मुकदमे का सामना कराने के लिए पेरू से अमेरिका लाया गया व्यक्ति

**लॉस एंजिलिस , एजेंसी।** दक्षिण कैलिफोर्निया के जंगल में अपनी पत्नी की हत्या करने और उसका शव फेंकने के आरोप में मुकदमे का सामना करने के लिए एक व्यक्ति को पेरू से अमेरिका लाया गया। लॉस एंजिलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग ने कहा, जोसिमार कैब्रा (36 वर्षीय) शुक्रवार रात लॉस एंजेलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। उसे अगस्त के अंत से पेरू में हिरासत में रखा गया था। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने उनके खिलाफ हत्या का मामला दायर किया है। रविवार तक यह पता नहीं था कि उसके पास वकील है या नहीं। शेयला कैब्रा (33 वर्षीय) का शव 16 अगस्त को लॉस एंजिलिस काउंटी के लैंकेस्टर शहर के दक्षिण में एंजल्स नेशनल फॉरेस्ट के एक ढलान के नीचे पाया गया।

### नेपाल में भारतीय राजदूत के स्वास्थ्य में सुधार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव को स्टेंट डाला गया है। उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। राजदूत को शुक्रवार को चंपादेवी पहाड़ी पर हाइकिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें नेपाली सेना के हेलिकॉप्टर से ग्रांडी अस्पताल लाया गया। जांच में हृदय की बाईं धमनी में ब्लॉकेज मिलने पर स्टेंट डाला गया।

### अटॉर्नी जनरल को हटाने के फैसले पर सुप्रीम रोक

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को सरकार के अटॉर्नी जनरल गाली बहारव-मियारा को पद से हटाने के फैसले को पलट दिया और कहा कि वह अपने पद पर बनी रहेंगी। न्यायालय ने सरकार के इस प्रयास में प्रक्रियात्मक दोषों और कानूनी आधार की कमी के कारण उसकी आलोचना की। सात न्यायाधीशों की पीठ ने जोर दिया कि कानून का शासन सभी पर लागू होता है और कहा कि सरकार के इस आचरण के कारण हुई बड़ी असुविधा हुई है। न्यायालय ने कहा कि अगस्त में बिना उचित परामर्श और कानूनी आधार के बहारव-मियारा को हटाने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया था।

### बीजिंग में तबला वादक जाकिर हुसैन को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन के बीजिंग में भारतीय दूतावास ने महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन की याद में संगीत कार्यक्रम स्मरण का आयोजन किया। इसे विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के सम्मानित कलाकार और तबला शिक्षक बिवाकर चौधरी ने तैयार किया।?दूतावास ने शनिवार को पोस्ट में कहा कि कार्यक्रम में हर ताल उस महान कलाकार को श्रद्धांजलि थी, जिनकी कलात्मकता ने सरहदों को पार करके लाखों लोगों के दिलों को छुआ था।

### चिली : राष्ट्रपति चुनाव में वाम उम्मीदवार ने हार मानी, कास्ट विजयी

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली की सत्तारूढ़ वाम गठबंधन की उम्मीदवार जेनेट जारा ने रविवार को राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार कर ली है। शुरुआती नतीजों में अति-दक्षिणपंथी जोस एंटोनियो कास्ट को मजबूत बढ़त मिलती दिखाई दी। मतदाताओं ने बढ़ते अपराध और अप्रवासन के डर के बीच बदलाव के पक्ष में मतदान किया। 83 फीसदी मतों की गणना हो चुकी है। कास्ट ने 58 फीसदी और जारा ने 41 फीसदी वोट हासिल किए। जारा ने सोशल मीडिया पर कास्ट को चुनावी जीत पर बधाई दी और समर्थकों से वादा किया कि वह देश के बेहतर भविष्य के लिए काम करती रहेंगी।

### 30 वर्षीय युवक के सिर पर सवार हुई सनक, दो लोगों को चाकू मारा ; फुकुओका शहर में पुलिस ने दबोचा

**टोक्यो, एजेंसी।** जापानी पुलिस ने सोमवार को फुकुओका शहर में ।ग्रिञ48 के एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स में हुई छुरी मारने की घटना के संदिग्ध को गिरफ्तार किया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं। हालांकि अब उनकी हालत ठीक है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय संदिग्ध ने रविवार को 44 वर्षीय पुरुष को छाती में छुरी मारी। घायल पुरुष ।ग्रिञ48 थिएटर में काम करते थे। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, जब उन्होंने संदिग्ध को अनधिकृत क्षेत्र में देखा और उसे बाहर जाने के लिए कहा, तो यह हमला हुआ। सनकी युवक ने महिला को भी मारी छुरी इतना ही नहीं संदिग्ध ने 27 वर्षीय महिला को भी एक लिफ्ट हॉल में पीठ पर छुरी मारकर घायल किया और फिर वहां से फरार हो गया। पुलिस इस मामले की हत्या के प्रयास के रूप में जांच कर रही है, लेकिन उन्होंने संदिग्ध के मोटिव के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी।

## सिडनी में अधेड़ पिता और 24 वर्षीय बेटे के सिर पर खून सवार हुआ, 50+ यहूदी घरों में मातम..



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। गाजा में इस्राइल की कार्रवाई के बाद यहूदी समुदाय के खिलाफ घटनाओं में वृद्धि देखी गई थी। इस्राइली प्रधानमंत्री वेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी। नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरुआत अक्तूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया। हमास के खिलाफ इस्राइल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था। ऑस्ट्रेलिया की कुल 2.70 करोड़ आबादी में करीब 1.50 लाख यहूदी समुदाय के लोग हैं। यह समुदाय संख्या में छोटा है, लेकिन समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है. अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब एक तिहाई लोग सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रहते हैं, जिनमें बोंडाई क्षेत्र भी शामिल है। रविवार को हुए हमले के पास मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि यहूदी होना पिछले कुछ वर्षों में बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। शायद एक दिन उन्हें इस्राइल जाना पड़े। इस्राइल यहूदियों के लिए अब वही दुनिया में एकमात्र सुरक्षित जगह नजर आने लगी है। ऑस्ट्रेलियाई तट पर यहूदियों पर हमला करने वाले एक आतंकी की पहचान नवीद अकरम के रूप में हुई है। सोशल मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 24 अकरम मूल रूप से पाकिस्तान के लाहौर का रहने वाला है। वह सिडनी के अल-मुराद इंस्टीट्यूट में छात्र रहा है। उसका ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन प्रसारित हो रही है, जिसके फोटो में वह पाकिस्तान क्रिकेट जर्सी पहने नजर आता है। पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा। अकरम वही आतंकी है, जिसके हथियार को एक व्यक्ति ने छीन लिया था। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया है कि क्या अकरम को पकड़ लिया गया है।

बोंडी समुद्र तट पर यहूदी त्योहार मना रहे लोगों पर दो आतंकवादियों की तरफ से की गई गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों समेत 40 लोग घायल हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसे आतंकी हमला करार दिया है। न्यू साउथ वेल्स प्रांत के पुलिस आयुक्त माल मैन्योल ने कहा कि यह लक्षित घटना है और इसमें इस्तेमाल किए गए हथियारों के कारण इस नरसंहार को आतंकवादी हमला घोषित किया गया। पुलिस ने बताया कि यह हमला भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2:17 बजे (ऑस्ट्रेलियाई समय शाम 7:47 बजे) हुआ। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच विशेषज्ञ अधिकारी कर रहे हैं, जिनमें संदिग्धों की एक कार में मिला एक देसी बम भी शामिल है।

## वेनेजुएला के पास आसमान में बड़ा हादसा टला

**कैरेकस, एजेंसी।** कैरेबियाई देश कुराकाओ से न्यूयॉर्क जा रही जेटब्लू की एक उड़ान शुक्रवार को बड़े हवाई हादसे से बाल-बाल बच गई। पायलट को अमेरिकी वायुसेना के एक ईंधन भरने वाले टैंकर विमान से टकराव से बचने के लिए उड़ान की चढ़ान रोकनी पड़ी। पायलट ने सैन्य विमान पर सीधे उड़ान मार्ग में आने और ट्रांसपोंडर बंद रखने का आरोप लगाया। यह घटना वेनिजुएला के पास अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुई। पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच रिकॉर्ड हुई बातचीत में पायलट ने कहा कि हम लगभग हवा में टकरा ही गए थे। वे सीधे हमारे रास्ते में आए। उनका ट्रांसपोंडर चालू नहीं था, यह हैरान करने वाला है। यह घटना जेटब्लू फ्लाइट 1112 के साथ हुई, जो कुराकाओ से न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। पायलट के मुताबिक, अमेरिकी वायुसेना का टैंकर विमान उसी ऊंचाई पर था और महज 2 से 5 मील की दूरी से सामने से गुजरा। टकराव टालने के लिए विमान की चढ़ान रोकनी पड़ी। पायलट ने बताया कि इसके बाद सैन्य विमान वेनिजुएला के हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ गया। जेटब्लू के प्रवक्ता डेरेक डोंब्रोव्स्की ने कहा कि घटना की सूचना संघीय अधिकारियों को दे दी गई है और किसी भी जांच में कंपनी सहयोग करेगी। पेंटागन ने टिप्पणी के लिए वायुसेना का हवाला दिया, लेकिन तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

**प्यूर्टो रिको की गवर्नर ने विवादित विधेयक पर किए हस्ताक्षर : प्यूर्टो रिको, एजेंसी।** प्यूर्टो रिको की गवर्नर जेनिफर गोंजालेज ने रविवार को एक विवादित विधेयक पर हस्ताक्षर किए। आलोचक का कहना है कि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और सार्वजनिक जानकारी तक पहुंच को मुश्किल बना देगा। प्यूर्टो रिको लंबे समय से सरकारी पारदर्शिता की कमी के लिए जाना जाता रहा है।

गोंजालेज ने कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानून में संशोधन करता है, ताकि नियम अधिक स्पष्ट हों, भ्रम कम हो और मुकदमों की संख्या कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें नियमों का पालन न करने पर दंड तय किया गया है। कई मीडिया संगठन और नागरिक अधिकार समूहों ने विधेयक का विरोध किया है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के उत्तरी अमेरिका के कार्यकारी निदेशक क्लेटन वेइमर ने कहा, यह अविश्वसनीय है। इस संशोधन से प्यूर्टो रिको के नेता जानबूझकर अपने नागरिकों की जानकारी तक पहुंच को रोकेंगे और प्रेस की स्वतंत्रता की गुणवत्ता को भी कम करेंगे।

## इस्राइल-हिजबुल्ला तनाव: दक्षिणी लेबनान में आईडीएफ के हवाई हमले, वरिष्ठ आतंकी जकारिया याह्या समेत कई ढेर

तेल अवीव, एजेंसी। दक्षिणी लेबनान में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। जहां इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने हवाई हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ आतंकी जकारिया याह्या अल-हज्ज समेत तीन आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ के अनुसार ये आतंकी संगठन के ढांचे को दोबारा खड़ा करने में लगे थे और इस्राइल की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बने हुए थे।

आईडीएफ के मुताबिक जकारिया अल-हज्ज हिजबुल्ला में अहम भूमिका निभा रहा था। वह लेबनान की सुरक्षा एजेंसियों के भीतर अपने लोगों को सक्रिय करता था और हिजबुल्ला के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाने का काम करता था। ऐसे में इस्राइली सेना ने कहा कि उसकी गतिविधियां इस्राइल के लिए खतरा थीं और इस्राइल-लेबनान के बीच हुए समझौते का उल्लंघन भी थीं।

**बहुत तगड़ा हमला होगा, सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की हत्या पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप : दश्मिक, एजेंसी।** सीरिया में हुए हमले में दो अमेरिकी सैनिकों और एक नागरिक के मारे जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी हमले की कसम खा ली है। उन्होंने कहा कि अमेरिका करारा जवाब देगा। अमेरिका ने इस हमले के लिए इस्लामिक स्टेट समूह को जिम्मेदार ठहराया है। बाल्टीमोर में सेना-नौसेना फुटबॉल मैच के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, 'यह आईएसआईएस का हमला है।' उन्होंने मारे गए तीन अमेरिकियों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। ट्रंप ने कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शारा भी इस हमले से बहुत परेशान और भड़के हुए हैं। रिपब्लिकन सेन जोनी ने कहा कि मारे गए सैनिक लोवा नेशनल गार्ड के जवान थे। उन्होंने कहा कि लोवा नेशनल गार्ड के सैनिकों की मौत पर बेहद दुख है और बाकी तीन घायल सैनिकों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि एक आईएस के आतंकी ने हमला किया था और जवाबी हमले में वह भी मारा गया। इसके तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा था, हमले के बहुत गंभीर परिणाम होने वाले हैं। बता दें कि बशर अल असद की सरकार गिरने केबाद पहली बार है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने इल्हान उमर को कहा था 'कचरा', अब उनके बेटे तक पहुंची आईसीई





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से प्रवासियों के लिए जीवन थोड़ा कठिन हो गया है। इसी क्रम में मिनेसोटा की डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर ने दावा किया है कि शनिवार को उनके बेटे अदनान को अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्ट्म्स एनफोर्समेंट के एजेंट्स ने रोक लिया और उससे अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए कहा। सीबीएस न्यूज के मुताबिक यह एजेंट्स सरकार के आदेश पर अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रहे हैं। इल्हान ने पूरी घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'कल, जब वह एक स्टोर पर कुछ खरीद रहा था, तभी उसे कुछ आईसीई एजेंट्स ने रोक दिया और अपनी नागरिकता सिद्ध करने को कहा। चूंकि अदनान अपना पासपोर्ट हमेशा अपने साथ रखता है, उसने उसे दिखाया और फिर उसे जाने दिया गया।' फिलहाल उमर के इस दावे को लेकर आईसीई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, अमेरिका में इल्हान उमर का नाम कोई कम जाना पहचाना नहीं है। कश्मीर के मुद्दे पर खुलकर पाकिस्तान का सपोर्ट करने वाली और यहां की यात्रा करने वाली इल्हान उमर सोमालिया की मूल निवासी हैं। डोनाल्ड ट्रंप कई बार उन पर निजी हमला करते हुए उन्हें कचर बताकर कहा था कि वह नहीं चाहते कि यह अमेरिका में रहे। ट्रंप का आरोप है कि अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए इल्हान ने अपने भाई से ही शादी कर ली।

**कौन है अदनान हिरसी :** इल्हान उमर और उनके पूर्व पति अहमद हिरसी के बेटे का नाम अदनान है। इसके अलावा इस दंपत्ति के दो बेटियां और हैं। हालांकि, इन तीनों के बारे में सार्वजनिक जानकारी बहुत कम है। हालांकि, 2016 में जब मिनेसोटा से इल्हान जीतकर आई थीं, उस वक्त अदनान 10 साल के थे। उमर ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब उनके बेटे को एजेंट्स ने रोका हो। इससे पहले भी एक मस्जिद में वह कुछ लोगों के साथ नमाज पढ़ रहा था। ठीक उसी समय वहां पर एजेंट्स आ गए और सभी से पूछताछ की। हालांकि, बाद में सभी को छोड़ दिया गया।

## मोरक्को-अल्जीरिया सीमा पर ठंड से 9 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत, मानवाधिकार समूहों ने जताई चिंता



**रबात, एजेंसी।** मोरक्को से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां अल्जीरिया सीमा के पास रास असफूर इलाके में बेहद ठंडे मौसम के कारण नौ अफ्रीकी प्रवासी की मौत हो गई है। यह क्षेत्र सर्दियों में बहुत ठंडा होता है। मरने वालों में सात पुरुष और दो महिलाएं शामिल थीं। ऐसे में मोरक्को के मानवाधिकार संगठन ने चिंता जताते हुए कहा कि उनके थके हुए शरीर अत्यधिक ठंड सहन नहीं कर सके।

जानकारी के अनुसार, इनमें से एक प्रवासी गिनी का था, जबकि बाकी लोग सब-सहारन अफ्रीका के विभिन्न देशों से थे। उनकी पहचान के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं मिली है। मोरक्को की आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले पर तुरंत कोई बयान नहीं दिया।

**मानवाधिकार समहों ने जताई चिंता :** इन प्रवासियों की मौत पर मानवाधिकार समूह ने कहा कि मरने वाले छह शव पिछले हफ्ते दफन किए गए और दो शव संबंधियों की मांग पर रखे गए। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी निगरानी की जाएगी। मोरक्को के अन्य मानवाधिकार संगठन ने इस हफ्ते सीमाओं को मानवतावादी बनाने, अवैध प्रवास और निवास को अपराध नहीं मानने और गायब हुए प्रवासियों पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि रास असफूर जैसी त्रासदियों से बचा जा सके।

**हर साल होता है हजारों प्रवासियों का प्रवेश :** बता दें कि हर साल हजारों प्रवासी बेहतर जीवन की तलाश में उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की ओर अवैध रूप से जाने की कोशिश करते हैं। कुछ स्पेन के छोटे हिस्सों, सीउता और मेलिला तक पहुंचने के लिए बॉर्डर फेंस पर चढ़ते हैं या तैरते हैं। कुछ कैनरी द्वीप तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता लेते हैं। मोरक्को की सुरक्षा एजेंसियां ऐसे प्रयासों को अक्सर रोक देती हैं।

## पाकिस्तान में बढ़ रहा फर्जी शादियों का ट्रेंड

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** शादी किसी भी समाज के लिए एक उत्सव का दिन होती है। खासतौर पर उपमहाद्वीप में यह एक त्योहार की तरह मनाया जाता है, जो कई दिनों तक चलता है। भारत और पाकिस्तान की बात करें तो यहाँ पर शादी का एक कार्यक्रम हल्दी, मेहंदी से शुरू होता है और विदाई तक चलता है। इसमें पूरा परिवार और समाज शामिल होता है। हां, इसमें जिम्मेदारियां बहुत होती हैं। अब इसी मुद्दे को लेकर पाकिस्तान में फर्जी शादियों का चलन बढ़ रहा है। इसमें दूल्हा भी लड़की होती है और दुल्हन भी लड़की। शादी की रस्में बिल्कुल वैसी ही होती हैं, जैसी किसी एक सामान्य शादी में होती हैं। एक आम शादी से इतर इसमें लोग बिना किसी दबाव के केवल आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। डी डब्ल्यू की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में फर्जी शादियों का यह चलन 2023 के बाद लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। इसमें एक बिल्कुल असली शादी की तरह माहौल होता है और ठीक उसी तरह की सजावट होती है, हां, लेकिन दूल्हा और दुल्हन में किसी तरह की आजीवन प्रतिबद्धता या फिर पारिवारिक दबाव नहीं होता है।

**लाहौर यूनिवर्सिटी में फर्जी शादी :** पाकिस्तान में इस तरह की पहली शादी का आयोजन लाहौर यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट साइंसेज में किया गया। इस शादी ने न केवल राष्टीय बल्कि अंतर्राष्टीय मीडिया और सोशल मीडिया का ध्यान भी अपनी तरफ खींचा। इसके बाद लोगों के मन में इसको लेकर उत्सुकता बढ़ी और अब कई जगह पर इसका आयोजन किया जाने लगा। इसमें महिलाएं बिना किसी पारिवारिक दबाव के उन्मुक्त होकर शादी का आनंद ले सकती हैं।

**यूनिवर्सिटी में फर्जी शादी के बाद विरोध भी शुरू :** यूनिवर्सिटी में दो लड़कियों के बीच हुई फर्जी शादी को मिली सोशल मीडिया कवरेज के बाद पाकिस्तान में इसका जमकर विरोध भी हुआ। कई लोगों ने इसे समलैंगिक शादी समझकर इसका विरोध करना शुरू कर दिया। यूनिवर्सिटी की छात्र परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि इस शादी के वीडियो वायरल होने के बाद छात्राओं को ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। इससे यूनिवर्सिटी की भी काफी बदनामी हुई। लोगों से इस यूनिवर्सिटी को एलीट यूनिवर्सिटी के तौर पर पेश करना शुरू कर दिया कि यह तो हकीकत से कटी हुई है, जबकि हम बस वास्तव में पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक तौर पर भी कुछ करना चाहते थे। यूनिवर्सिटी में हुए इस कार्यक्रम के विरोध के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी छात्रों की सुरक्षा और निजता को सुनिश्चित करने के लिए कई तरह की सावधानियां बरतनी शुरू कर दीं। सबसे पहले ऐसी शादियों के वीडियो और फोटो को ऑनलाइन पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके अलावा ऐसी शादी में शामिल होने के लिए केवल ऐसे लोगों को एंट्री देना जो इसे मनोरंजन के तौर पर लेते हों। 2023 में हुई पहली फर्जी शादी के बारे में बात करते हुए उस समय यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा ने डी डब्ल्यू को बताया कि ऑनलाइन वीडियो वायरल होने के बाद दुल्हन बनने वाली लड़की को काफी परेशानी हुई थी।

## ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के बाद बोले ट्रंप- डरने की जरूरत नहीं, गर्व के साथ हनुक्का मनाएं



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हनुक्का (यहूदी त्योहार) मनाने वाले लोगों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें गर्व के साथ जश्न मनाना चाहिए। यह बात उन्होंने तब कही जब ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के लोगों को गोलीबारी में निशाना बनाया गया। इस हमले में 16 लोगों की मौत हुई। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फॉक्स न्यूज के एक पत्रकार ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के बाद उनका संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संदेश साफ है कि हनुक्का मनाने वालों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, उन्हें गर्व के साथ जश्न मनाना चाहिए और अपनी पहचान पर गर्व करना चाहिए। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ऑस्ट्रेलिया में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के मुताबिक, देश में आतंकवादी हमले की संभावना बनी हुई है और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के मुताबिक, इसका मतलब है कि अगले 12 महीनों में किसी आतंकवादी हमले की योजना बनने या उसके अंजाम दिए जाने की संभावना 50 फीसदी से अधिक है। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि देश की सुरक्षा स्थिति एक संवेदनशील दौर में प्रवेश कर चुकी है और नए तरह के खतरों का सामना कर रही है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि कम लागत में ऐसे हमले किए जा सकते हैं, आसानी से मिलने वाले हथियार और सरल तरीके इस्तेमाल होते हैं। ऐसे हमले अक्सर बड़े शहरों की भीड़भाड़ वाली जगहों पर किसी अकेले व्यक्ति या छोटे समूह द्वारा किए जा सकते हैं। पुलिस ने पुष्टि की है कि सिडनी के मशहूर बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी में 16 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, घटना के समय वहां एक हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि यह हमला सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया था। दो संदिग्ध हमलावरों में से एक को मौके पर ही मार गिराया गया, जबकि दूसरा हिरासत में है और उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने अभी संदिग्धों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है और यह भी जांच की जा रही है कि कहीं कोई तीसरा हमलावर तो शामिल नहीं था। इस्राइल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मरने वालों में एक इस्राइली नागरिक भी शामिल था। मंत्रालय ने बताया कि एक अन्य इस्राइली नागरिक घायल हुआ है और सिडनी के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना के कुछ घंटों बाद गोलीबारी को 'आतंकवादी हमला' घोषित किया गया। पुलिस ने कहा कि हनुक्का के पहले दिन हमले का समय और इस्तेमाल किए गए हथियारों सहित अन्य परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया।

**इस्राइल के अलग-अलग जगहों पर हमला : येरूशलम, एजेंसी।** मामले में आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस हमले से कुछ ही घंटे पहले उसने दक्षिणी लेबनान में दो और हिजबुल्ला आतंकियों को भी अलग-अलग हमलों में मार गिराया। इतना ही नहीं इस्राइली सेना ने यह भी दावा किया कि लेबनान के याटर इलाके में आईडीएफ ने एक ऐसे आतंकी को मारा, जो हिजबुल्ला के आतंकवादी ढांचे को फिर से खड़ा करने की कोशिशों में शामिल था। दूसरी ओर बिंत जिबैल इलाके में एक और आतंकी को मार गिराया गया, जो हिजबुल्ला का स्थानीय प्रतिनिधि था। वह लोगों से संपर्क रखता था और निजी संपत्तियों पर कब्ज़ा कर उन्हें आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल करता था। ऐसे में आईडीएफ का कहना है कि ये सभी हमले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा हैं।

**अब तक 40 से ज्यादा आतंकी ढेर : बेरूत, एजेंसी।** अक्तूबर से लेकर अभी तक दक्षिणी लेबनान के करीब 30 इलाकों में इस्राइल के हमले में 40 से ज्यादा आतंकी ढेर हुए। इस बात का दावा इस्राइल की सेना ने किया। जो हिजबुल्ला के ढांचे को दोबारा मजबूत करने की कोशिश कर रहे थे। गौरतलब है कि इस्राइल ने हिजबुल्ला पर सीजफायर समझौते का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

जानकारी

# सर्दियों के दौरान छोटे बच्चों के बालों का रखें ख्याल

## ताकि न हो जुंए, डैंड्रफ और ड्राईनेस की समस्या

आमतौर पर सर्दियों के मौसम में बच्चों को बालों की समस्याएं ज्यादा होती हैं। बालों में जुंए, रूसी (डैंड्रफ) और रूखेपन के कारण बाल खराब हो जाते हैं। इन समस्याओं का मुख्य कारण ये है कि ज्यादातर लोग ठंड के मौसम में अपने बच्चों को रोजाना नहीं नहलाते हैं, जबकि खेलने-कूदने के कारण बच्चे ही सबसे ज्यादा बैक्टीरिया और गंदगी के संपर्क में आते हैं। कई बार बालों की ये छोटी-छोटी समस्याएं त्वचा रोग का कारण बनती हैं और स्कैल्प खराब हो जाता है। बचपन में ही अगर बालों की समस्या हो जाए, तो आगे चलकर बच्चों को बाल झड़ने की समस्या, बालों के कमजोर होने की समस्या आदि काफी बढ़ जाती हैं। इसलिए अपने बच्चे को ऊपर बताई गई समस्याओं से बचाने के लिए और उनके बालों को स्वस्थ रखने के लिए आपको सर्दियों के दौरान कुछ खास बेबी हेयर केयर टिप्स का ध्यान रखना चाहिए।

### हफ्ते में 2-3 बार करें शैंपू

अगर आपका बच्चा 6-7 महीने से बड़ा है, तो आप सर्दियों के मौसम में उसे गुनगुने पानी से रोजाना नहला सकती हैं। इसके अलावा 2 साल से बड़ी उम्र के बच्चे, जो आमतौर पर अपने पैरों से चलकर खेलने-कूदने लगते हैं, वो अपने बालों और शरीर को बहुत जल्दी गंदा करते हैं। ऐसे में बालों में जमा धूल-मिट्टी और प्रदूषण कणों को बाहर निकालने के लिए आपको बच्चे को नहलाते समय सप्ताह में कम से कम 2-3 बार उन्हें शैंपू करना चाहिए। शैंपू करने से बालों की गंदगी अच्छी तरह साफ हो जाती है।



### अच्छी तरह देखकर करें शैंपू का चुनाव

बच्चों के लिए शैंपू का चुनाव करते समय आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। दरअसल छोटे बच्चों की स्किन बहुत सेंसिटिव होती है, इसलिए अगर आप बड़ों लोगों वाले शैंपू बच्चों के सिर पर लगा देंगे, तो उनमें मौजूद केमिकल बच्चों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए बच्चों के लिए शैंपू का चुनाव करते समय हमेशा इस बात का ध्यान दें कि उसे बनाने में पैराबीन्स, सल्फेट्स और थैलेट्स का प्रयोग न किया गया हो, क्योंकि ये तत्व बच्चों की त्वचा के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं। इसकी जानकारी के लिए आपको शैंपू या किसी भी अन्य प्रोडक्ट के पीछे लिखे इंग्रीडिएंट्स वाले सेक्शन को देखना चाहिए। बच्चों के लिए बाजार में अलग से बेबी शैंपू आते हैं, जिनमें हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल कम होता है, जिससे कि बच्चें की त्वचा ड्राई न हो।

### सॉफ्ट कंघी/ब्रश का प्रयोग करें

बच्चों के बालों को संवारने के लिए आपको हमेशा मुलायम कंघी और ब्रश का प्रयोग करना चाहिए। दरअसल बच्चे के सिर की त्वचा बाकी जगहों की अपेक्षा ज्यादा मुलायम और पतली होती है। इसलिए अगर आप हार्ड ब्रश या कंघी का प्रयोग करेंगे, तो हो सकता है बच्चे के सिर पर हल्की-फुल्की खरोंच लग जाए, जिसे आप आसानी से न देख पाएं। इस तरह की छोटी-मोटी चोट भी की बार इंफेक्शन और रोगों का कारण बनती है। इसलिए बच्चों के लिए हमेशा सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें।

### बालों को मॉइश्चराइज करना है बेहद जरूरी

बड़ों लोगों की ही तरह बच्चों के बालों को भी मॉइश्चराइज रखना बेहद जरूरी है। चूंकि बिना सही मॉइश्चराइजेशन के स्कैप्ल ड्राई हो जाता है और इस वजह से कई तरह के त्वचा से संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों के बालों को मॉइश्चराइज करने के लिए उनके बालों में तेल की मालिश करना सबसे अच्छा होता है। तेल की मालिश करने से बच्चों के बाल भी घने होते हैं और खोपड़ी में ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। इसके अलावा तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को स्वस्थ और मुलायम रखते हैं। बच्चों के सिर की मालिश आप नारियल के तेल, सरसों के तेल, बादाम के तेल, तिल के तेल और ऑलिव ऑयल आदि से कर सकते हैं।



# 5 संकेत मिलें तो तुरंत कराएं आंखों की जांच देर करना हो सकता है खतरनाक

आंखें हमारी जिंदगी के लिए जरूरी शर्त नहीं हैं, मगर शायद जिंदगी को अच्छी तरह समझने के लिए आंखों का अपना बड़ा महत्व है। बनावट के आधार पर आंखों को शरीर का सबसे संवेदनशील अंग माना जाता है। इसलिए आंखों की छोटी से छोटी परेशानी को नजरअंदाज करना कई बार बहुत खतरनाक भी हो सकता है। दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या लाखों में हैं, जो जन्म से अंधे नहीं थे, मगर 40-50 की उम्र आते-आते उनकी आंखों के देखने की क्षमता चली गई। दरअसल शरीर से जुड़ी किसी भी समस्या को अगर शुरुआती अवस्था में पहचान लिया जाए और सही इलाज किया जाए, तो ठीक किया जा सकता है। मगर ऐसी बहुत सी बीमारियां और समस्याएं हैं, जो वक्त गुजरने के बाद पता चलती हैं और तब तक मेडिकल साइंस भी आपकी मदद नहीं कर पाता है।

आंखें भी ऐसा ही एक अंग हैं, जो यदि एक बार खराब हो जाएं, तो इन्हें दोबारा ठीक करना बहुत मुश्किल है। फिर एक ही विकल्प बचता है और वो है आई ट्रांसप्लांट, जिसके लिए डोनर मिलना और खर्चे उठाना आसान बात नहीं है। इसीलिए आज हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे संकेत जो बताते हैं कि आपको तुरंत अपने आंखों की जांच करा लेनी चाहिए।

### धुंधला दिखने पर

वैसे तो आंखों का धुंधलापन बिल्कुल स्पष्ट संकेत है कि आपको अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। मगर कुछ लोग धुंधलेपन को शरीर की कमजोरी से जोड़कर देखते हैं, इसलिए वे इंतजार करते रहते हैं और दूसरे उपाय अपनाते रहते हैं। यह बात भी सही है कि शारीरिक कमजोरी और एनर्जी की कमी, आंखों के धुंधलेपन का कारण बन सकती है। मगर ये समस्या किसी बीमारी का भी संकेत हो सकती है, जो वक्त के साथ आपकी आंखों की रेटिना को डैमेज कर सकती है। इसलिए अगर आपको कई दिन या सप्ताह तक लगातार या फिर कुछ-कुछ दिनों में धुंधला दिखाई देने की समस्या होती है, तो आपको अपनी आंखों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए।

### लगातार सिर दर्द की समस्या

सिर दर्द आपको भले ही सिर और माथे के हिस्से में महसूस होता है, मगर इसका कारण आपकी आंखों की समस्या भी हो सकती है। जब आपकी आंखों में किसी तरह की कोई परेशानी होती है, तो वस्तुओं पर फोकस केंद्रित करने वाली मसल्स (कोशिकाओं) पर अनावश्यक दबाव बढ़ जाता है, जिसके कारण उनमें दर्द की समस्या हो सकती है। ये कोशिकाएं सीधे आपके मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, इसलिए आपको सिर में दर्द महसूस होता है। अक्सर ऐसे लोगों को सिर दर्द की समस्या तब होती है, जब वो बहुत अधिक ध्यान लगाकर काम करने की कोशिश करते हैं या फिर कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल या अन्य स्क्रीन वाले गैजेट्स का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए लगातार सिर दर्द की समस्या होने पर भी आपको आंखों की जांच करानी चाहिए।



### आंखें पर दबाव महसूस हो

अगर आपको कुछ दिनों से ऐसा महसूस होने लगा है जैसे कि कोई अदृश्य हाथ आपकी आंखों को दबा रहे हैं, तो ये आंखों की ही एक कॉमन बीमारी 'ग्लूकोमा' का संकेत हो सकता है। ग्लूकोमा की शुरुआत होने पर व्यक्ति को अपनी आंखों की पुतलियों पर दबाव महसूस होता है। मगर ऐसा होने पर आपको घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ग्लूकोमा का इलाज आसानी से उपलब्ध है। हां, अगर आप इसे लंबे समय तक नजरअंदाज करेंगे, तो ग्लूकोमा आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए ऐसे लक्षण महसूस होने पर बिना देरी किए आई-स्पेशलिस्ट से मिलें और आंखों की जांच कराएं।

### रात में साफ न दिखाई देना या रतौंधी

आमतौर पर बहुत अधिक अंधेरा होने पर सामान्य आंखों के लिए भी देखना मुश्किल होता है, मगर यदि आपको शाम के समय यानी हल्की रोशनी होने के बावजूद चीजें साफ-साफ न दिखाई दें, तो भी ये आंखों से जुड़े रोग का संकेत है। इस रोग को रतौंधी भी कहते हैं, जो 'रात के अंधेपन' का शार्ट फॉर्म है शायद। आंखों में ऐसी समस्या कई कारणों से हो सकती है, जैसे-शरीर में विटामिन ए की कमी और मोतियाबिंद आदि। इसलिए आपको ऐसे लक्षण दिखने पर भी तुरंत आंखों के डॉक्टर से मिलना चाहिए।

### रोशनी में चकाचौंध लगना या सिर दर्द होना

अचानक आंखों पर तेज रोशनी पड़ने पर आंखों का बंद होना स्वाभाविक है। मगर सामान्य स्थिति में कुछ सेकंड्स के बाद आपको धीरे-धीरे दिखना शुरू हो जाता है, जबकि लाइट सेंस्टिविटी से जूझ रहे लोगों के लिए तेज रोशनी को बर्दाश्त करना बिल्कुल मुश्किल होता है। आंखों के विशेषज्ञ इसे फोटोफोबिया कहते हैं। ऐसे लोगों को तेज लाइट में जाते ही आंखें बंद करनी पड़ती हैं और कई बार उन्हें चक्कर आने, सिर दर्द होने, उल्टी जैसे लक्षण भी शुरू हो जाते हैं। लाइट सेंस्टिविटी का कारण आंखों का कोई इंफेक्शन या कोई रोग हो सकता है, इसलिए बिना देर किए डॉक्टर से जांच कराएं और खतरे से दूर रहें।

सेहत

# सर्दियों में गुड़ के साथ दूध लेने के बेहतरीन फायदे

सर्दियों से बचने के लिए हम कितने ही जैकेट, स्वेटर क्यों न पहन लें? लेकिन जब तक हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर रहेगी, तब तक हम छोटी-छोटी बीमारियों का शिकार होते रहेंगे। ऐसे में गुड़ के साथ दूध का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ सर्दियों में होने वाली सर्दी-जुकाम, कफ जैसी कई परेशानियों को भी दूर करता है। आइए, जानते हैं गुड़ के साथ दूध पीने के फायदे-

### दूध और गुड़ में मौजूद तत्व

दूध में अधिक मात्रा में विटामिन ए, विटामिन बी और डी के अलावा कैल्शियम, प्रोटीन और लैक्टिक एसिड भी पाया जाता है। वहीं दूसरी ओर गुड़ में अधिक मात्रा में सुक्रोज, ग्लूकोज, खनिज तरल और पानी कुछ मात्रा में पाया जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम, फास्फोरस, लोहा और कई तत्व पाएं जाते हैं।



### नेचुरल ब्लड प्यूरीफायर

गुड़ में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो आपके शरीर में मौजूद अशुद्धियों को साफ कर देता है, इसलिए रोजाना गर्म दूध और गुड़ का सेवन करने से आपके शरीर से ऐसी अशुद्धियां निकल जाती है, जिससे आपको कोई बीमारी नहीं होगी और आप निरोग महसूस करेंगे।

### मोटापे को करें कंट्रोल

माना जाता है कि अगर आप दूध के साथ चीनी का इस्तेमाल करते है, तो इसकी जगह आप गुड़ का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपका वजन कंट्रोल में रहेगा, जिससे आप मोटापे का शिकार नहीं होंगे।

### पेट संबंधी समस्या को रखे ठीक

अगर आपको पाचन संबधी कोई भी समस्या है, तो गर्म-गर्म दूध और गुड़ का सेवन करें, ऐसा करने से आपको पेट संबंधी हर समस्या से निजात मिल जाएगी।

### जोड़ों के दर्द को करें दूर

गुड़ खाने से जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है, अगर रोजाना गुड़ का एक छोटा पीस अदरक के साथ मिलाकर खाया जाए, तो जोड़ों में मजबूती आएगी और दर्द भी दूर हो जाएगा। इससे आपकी खूबसूरती को बढ़ेगी। गर्म दूध और गुड़ का सेवन करने से आपकी त्वचा मुलायम होने के साथ-साथ त्वचा संबंधी समस्या न होगी। इसके साथ ही इसका सेवन करने से आपके बाल भी हेल्दी रहेंगे।

### पीरियड्स में दर्द को करे ठीक

कहा जाता है कि अगर आपको कही दर्द हो, तो गर्म दूध पीने से तुरंत आराम मिल जाता है और महिलाओं को पीरियड के समय का दर्द हो रहा हो तो गर्म दूध के साथ गुड़ का सेवन करने से आपको इससे निजात मिल सकती है। आप फिर पीरियड शुरू होने के 1 हफ्ते पहले 1 चम्मच गुड़ का सेवन रोजाना करें। इससे आपको दर्द से निजात मिलेगी।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 2679



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

| 10/6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 2678 का हल



## हंसी के फूव्वारें

भिखारी: बाबूजी, एक पैसा दे दो.
बाबूजी: पैसे में क्या मिलेगा तुम ज्यादा क्यों नहीं मांगते ?
भिखारी: बाबूजी, मैं आदमी की हैसियत देखकर मांगता हूँ.

डॉक्टर साहब, मेरे पति के आगे के दो दांत बहुत निकले हैं. वह ठीक हो सकते हैं ?
'क्या आपके पति बचपन में हाथियों के साथ खेलते थे ?'

प्रेमी-'प्रिय, मेरा साक्षात्कार का बुलावा आया है. जाऊं या नहीं, तुम्हारी क्या राय है ?'
प्रेमिका-'मेरी तो यह राय है कि जाना है तो जाओ, नहीं जाना हो तो मत जाओ.'

पहला दोस्त-'मेरी प्रेमिका की मांग इतनी ज्यादा थी कि मैंने उससे संबंध तोड़ लिया.'
दूसरा दोस्त-'क्या मांग थी उसकी ?'
पहला दोस्त-'शादी की.'

औरत-(दूधवाले से)भइया कल तुम्हारा दूध बहुत खट्टा था.
दूधवाला-क्या करूं बहनजी कल मेरी भैंस ने चार-पांच नींबू खा लिये थे.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2679



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'ऑखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2678

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | रू | द | ■ | र | ■ | का | ला | पा | नी |
| बु | ■ | श | व | ण | र | ज | ■ | प | ■ |
| ल | की | र | ■ | भू | ■ | ल | क्ष | ■ | ह |
| ■ | म | ■ | दा | मि | नी | ■ | ■ | खे | ल |
| जी | त | ■ | मा | ■ | य | ती | म | ■ | च |
| वा | ■ | कु | द | र | त | ■ | हा | सि | ल |
| ■ | मि | ली | ■ | ज | ■ | जी | न | त | ■ |
| जीं | स | ■ | सु | नी | ल | ■ | ■ | म | न |
| ■ | मे | ला | ■ | गं | ■ | ■ | जा | ■ | सी |
| नू | री | ■ | अं | धा | का | नू | न | ■ | ब |

## सूडोकु -2679

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2679 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली -2679



**बाएँ से दाएँ**

1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -2678 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | खा | दि | म | ■ | ■ | ■ | र | ह | ना | ■ |
| दा | द | ■ | हा | ति | म | ता | ई | ■ | क | प |
| न | ■ | ■ | न | ल | ■ | र | स | ■ | ■ | ना |
| व | च | न | ■ | स्म | र | ण | ■ | व | रा | ह |
| ■ | क | ल | म | ■ | ण | ■ | नी | र | ज | ■ |
| ■ | ना | ■ | री | स | ■ | जा | ल | ■ | कु | ■ |
| ■ | चू | स | ना | ■ | प | ■ | म | हि | मा | ■ |
| च | र | खा | ■ | ग | रि | मा | ■ | ना | र | द |
| र | ■ | ■ | त | म | ■ | य | म | ■ | ■ | ली |
| म | स्त | ■ | स | ला | ह | का | र | ■ | क | ल |
| ■ | र | सी | ला | ■ | ■ | ■ | जी | तें | द्र | ■ |

## प्रधानमंत्री पर राहुल गांधी की टिप्पणी अमर्यादित : रामदास आठवले

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने राहुल गांधी से संसद के पटल पर और देश से माफी मांगने की मांग की। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी अमर्यादित और अस्वीकार्य है और सार्वजनिक मंच से दिये ऐसे बयान से कांग्रेस का असली चरित्र सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के असंयमित बयान और कांग्रेस की हरकतें उनकी हताशा को दर्शाती हैं, क्योंकि वे चुनावों में लगातार मिलती हार के बाद अब संवैधानिक संस्थाओं को भी निशाना बना रहे हैं। रामदास आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबासाहेब आंबेडकर रचित संविधान को धर्मग्रंथ सरीखा सम्मान देते हैं और प्रधानमंत्री हमेशा पार्टी नेताओं को विपक्ष को दुश्मन नहीं, बल्कि राजनीतिक विरोधी मानने की सलाह देते हैं और संसदीय मर्यादाओं का पालन करने पर जोर देते है। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास पर पैनी नज़र और परिणाम हासिल करने की उनकी प्रामाणिक क्षमता से मिली लोकप्रियता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बेहद निराश हैं।

## अगर राहुल गांधी में साहस होता तो वे चुनाव में मिली हार को स्वीकार करतेः गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में कांग्रेस रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक नारों को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेतृत्व पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार अभद्र और अत्यंत आपत्तिजनक नारे लगाए जा रहे हैं। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि यह सब एक सोची-समझी राजनीति का हिस्सा है, लेकिन अब देश की जनता सब कुछ समझ चुकी है। अब समय आ गया है जब देश की जनता खुद कह रही है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह की भाषा और नारेबाजी लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है और इससे कांग्रेस की सोच और संस्कार उजागर होते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक बयान देकर कांग्रेस अपनी राजनीतिक हताशा दिखा रही है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर भी गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'वोट चोरी' कांग्रेस की समस्या है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का अपना अलग ही नाटकीय अंदाज है। राहुल गांधी अपनी हार छिपाने के लिए कहानियां गढ़ते हैं और झूठे आश्वासन देते हैं। जब चुनाव में हार मिलती है तो वे अपनी असफलता स्वीकार करने के बजाय दूसरों पर आरोप मढ़ने लगते हैं।

## पश्चिम बंगाल में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, आयोग ने 15 जनवरी तक दिया आपत्ति दर्ज कराने का मौका

**कोलकाता ।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल के लिए 2026 की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल मंगलवार को प्रकाशित कर दिया गया है। अब राज्य के मतदाताओं को अपने नाम की जांच करने और जरूरी सुधार कराने का अवसर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है, गलत दर्ज है या किसी अन्य प्रकार का सुधार आवश्यक है, तो वह आवेदन कर सकता है। इसके बाद नोटिस चरण यानी सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक चलेगी। सभी दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर जांच लें। मतदाता अपना नाम बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के पास उपलब्ध मतदाता सूची से, ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के जरिए, चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर या सीईओ पश्चिम बंगाल और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) की वेबसाइट से देख सकते हैं।

## जनता दल (एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली ।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी का मंगलवार को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वे स्टील और भारी उद्योगों में अपने काम से आत्मनिर्भरता की हमारी कोशिशों को मजबूत कर रहे हैं। भगवान उन्हें समाज की सेवा में लंबी और सेहतमंद जिंदगी दे।' केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे कैबिनेट सहयोगी एचडी कुमारस्वामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पीएम मोदी के नेतृत्व में औद्योगिक विकास और हमारे विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने के प्रति आपका समर्पण सच में सराहनीय है। आपके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करता हूं।

# नौसेना प्रमुख का ब्राजील दौरा पूरा, समुद्री साझेदारी मजबूत करने पर हुई बातचीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने भारत-ब्राजील समुद्री साझेदारी को और मजबूत करने के मकसद से ब्राजील का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री, ब्राजीलियाई सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ प्रमुख और ब्राजीलियन नौसेना के कमांडर समेत ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। यह बातचीत द्विपक्षीय सहयोग और रक्षा उद्योग सहयोग पर केंद्रित रही। नौसेना प्रमुख और ब्राजील नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन के साथ बातचीत ऑपरेशनल सहयोग बढ़ाने, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, हाइड्रोग्राफिक सहयोग, जानकारी साझाकरण, समुद्री डोमेन जागरुकता और कैपेसिटी बिल्डिंग पर केंद्रित रही। ब्राजीलियाई राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो एमोरिम और ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस



म्यूसियो मोंटेइरो के साथ बातचीत में रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा तंत्र, रक्षा उद्योग सहयोग और दक्षिण अटलांटिक और भारत-प्रशांत में सहयोग के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की गई, जो भारत और ब्राजील के साझा दृष्टिकोण को दिखाता है। नौसेना प्रमुख के इस दौरे में भारतीय नौसेना, ब्राजीलियन नौसेना और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के बीच एक अहम तीन-तरफा समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। यह समझौता स्कॉर्पीन-क्लास सबमरीन और दूसरे नौसेना प्लेटफॉर्म की मरम्मत से जुड़ी जानकारी के लिए था। यह समझौता लाइफ साइकल सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, ट्रेनिंग, अनुभव शेयर करने और रक्षा सहयोग को बढ़ाएगा, जो दोनों देशों की नौसेनाओं और रक्षा उद्योगों को मजबूत करने में एक अहम कदम है। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने इटागुआई नेवल कॉम्प्लेक्स और एम्फीबियस हेलीकॉप्टर कैरियर समेत ब्राजील की नौसेना के अलग-अलग जगहों का दौरा किया।

उन्होंने रियो डी जेनेरियो में ब्राजील की नेवल एकेडमी में 140 मिडशिपमेन की पासिंग आउट परेड में भी हिस्सा लिया। ये जुड़ाव भारत और ब्राजील के बीच समुद्री सहयोग को गहरा करने, साझा सुरक्षा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और प्रशिक्षण सहयोग की आपसी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

# पंजाब पुलिस ने मुंबई से दबोचे बीकेआई के दो आतंकी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े गैंगस्टर से आतंकवादी बने दो व्यक्तियों को मुंबई से गिरफ्तार किया। सोमवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान साजन मसीह निवासी वेरोके, गुरदासपुर और सुखदेव कुमार उर्फ मनीष बेदी निवासी लाहौरी गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। दोनों बड़े अपराधिक पृष्ठभूमि वाले आरोपित हैं और उनके खिलाफ बटाला और अमृतसर के विभिन्न थानों में हत्या, इरादतन कत्ल, हथियारों एवं विस्फोटक पदार्थों से संबंधित और गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) एक्ट (यूएपीए) के तहत कई मामले दर्ज हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित पाकिस्तान आधारित आईएसआई-समर्थित हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और अमेरिका आधारित बीकेआई-ऑपरेटिव हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया (हिरासत में) के अहम साथी थे। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी दुबई और आर्मेनिया सहित विदेशी स्थानों से काम कर रहे थे और पंजाब में अपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियां अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। डीजीपी ने इसे पंजाब पुलिस की बड़ी सफलता बताया। पंजाब पुलिस द्वारा विदेशों में शरण लेने वाले विभिन्न वांछित अपराधियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं, जिसकी वजह से इन दोनों अपराधियों को ट्रैक करने में मदद मिली।

# डीजीसीए की जांच समिति ने इंडिगो के मुख्यालय का किया दौरा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस में हालिया परिचालन संबंधी व्यवधानों की जांच कर रही विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की विशेष समिति ने एयरलाइन के गुरुग्राम स्थित मुख्यालय का दौरा किया है। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि नियामक की ओर से गठित यह विशेष समिति एयरलाइन के सिस्टम में आई खामियों और फ्लाइट्स के प्रबंधन में हुई लापरवाही की गहन पड़ताल कर रही है। इंडिगो मुख्यालय का यह दौरा इस जांच प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा माना जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन परिचालन मानकों का कड़ाई से पालन कर रही है या नहीं। घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो में बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधानों की जांच के लिए नागर विमानन महानिदेशक फैज अहमद किदवई ने इस महीने की शुरुआत में इस 4 सदस्यीय समिति का गठन किया था। डीजीसीए की चार सदस्यीय समिति ने एयरलाइन के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान इस समिति के सदस्यों ने उन कई




पहलुओं की जांच की है, जो परिचालन में व्यवधान का कारण बन सकते थे। जानकारी के अनुसार मुताबिक समिति के सदस्य इंडिगो मुख्यालय गए, और वे पूरे दिन वहीं रहे, ताकि मौजूदा जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

डीजीसीए की जांच समिति ने इंडिगो के संचालन के कई पहलुओं की पड़ताल की, जिनमें वह अवसंरचना भी शामिल थी, जो सेवा में इस बड़े पैमाने के व्यवधान का कारण बन भी सकती थी। चार सदस्यीय समिति में संयुक्त डीजी संजय ब्रहमणे, उपमहानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान परिचालन निरीक्षक कपिल मांगलिक और एफओआई लोकेश रामपाल शामिल हैं। समिति को व्यापक परिचालन व्यवधानों के मूल कारणों की पहचान करने का काम सौंपा गया है। इस समिति की जांच के दायरे में एयरलाइन की मानव संसाधन योजना, बदली हुई रोस्टर प्रणाली, पायलटों के लिए नई ड्यूटी अवधि और विश्राम के नियमों को भी लागू करने की तैयारी का मूल्यांकन शामिल है।

# प्रदूषण को लेकर सरकार सख्त, ग्रैप की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने के दिए निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ग्रैप की सभी पाबंदियों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ प्रदूषण को कम करने के उपायों को लागू करने पर जोर दिया। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस संबंध में गाजियाबाद और नोएडा में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से बनाई गई कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की। एनसीआर में शहर-विशिष्ट कार्य योजनाओं पर समीक्षा बैठकों की श्रृंखला के हिस्?से के रूप में यह पहली समीक्षा थी, जिसका समापन आने वाले दिनों में राज्य-स्तरीय समीक्षा के साथ होगा। बैठक में दोनों शहरों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। जिसमें इन शहरों में किए जा रहे उपाय जैसे वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्मार्ट यातायात प्रबंधन प्रणालियों को अपनाना, औद्योगिक इकाइयों द्वारा निर्धारित प्रदूषण मानकों का अनुपालन, वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों की स्थिति और चार्जिंग बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, संपूर्ण सार्वजनिक परिवहन प्रणाली और पार्किंग सुविधाओं को सुदृढ़ करना शामिल है। इसके साथ निर्माण एवं पर भी बल दिया ताकि प्रदूषण नियंत्रण एक सच्चा जनभागीदारी आंदोलन बन सके। भूपेंद्र यादव ने नगर निगम अधिकारियों को हरियाली बढ़ाने के प्रयासों के अंतर्गत गर्मी प्रतिरोधी और कम पानी की आवश्यकता वाली स्वदेशी किस्मों की झाड़ियों और



विध्वंस (सी एंड डी) अपशिष्ट पर रोक और यांत्रिक सड़क सफाई मशीनों को बढ़ावा देना भी शामिल है। इस मौके पर भूपेंद्र यादव ने कार्य योजनाओं और हरित गतिविधियों के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन में जन प्रतिनिधियों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी घासों के रोपण की सलाह दी। उन्होंने विभिन्न सरकारी और नगर निगम एजेंसियों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजनाएं तैयार करने का भी आह्वान किया ताकि अलग-थलग दृष्टिकोण और संसाधनों के दोहराव से बचा जा सके।

# नक्सल-मुक्त मध्य प्रदेश में अब विकास को मिलेगी नई रफ्तार : मोहन यादव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश ने लगभग 35 साल नक्सलवाद का दंश झेला। यह एक बड़ी चुनौती थी, पर राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों की प्रतिबद्धता से 11 दिसंबर 2025 को नक्सलवाद प्रदेश के नक्शे से पूरी तरह मिटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दिन प्रदेश में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश की धरती से नक्सलवाद को समूल खत्म करना हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। नक्सलवाद और लाल आतंक देश के हर हिस्से में विकास आधारित गतिविधियों में बाधक था। इससे आम नागरिकों में इसके कारण भय का माहौल होता था। ऐसे में नक्सलियों और नक्सलवाद को जड़



से उखाड़ फेंकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने बालाघाट में अंतिम दो नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराया और मध्य प्रदेश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम कर दिया। अब इससे प्रभावित क्षेत्रों में विकास को एक नई दिशा और एक नई रफ्तार मिलेगी।मुख्यमंत्री ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि राज्य में विकास को गति देने के लिए मध्य प्रदेश में दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से खत्म करना अति आवश्यक था। मध्य प्रदेश ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह द्वारा देश से नक्सलवाद के खात्मे के लिए तय डेडलाइन से करीब साढ़े तीन महीने पहले ही यह ऐतिहासिल उपलब्धि हासिल कर ली है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) में 42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने समर्पण कर विकास की धारा से जुड़ना स्वीकार किया है। वहीं, प्रदेश में वर्ष 2025 में 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय राज्य के बहादुर पुलिस अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षाबलों को दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष योजना बनाई है। साथ ही प्रदेश में अब एक ऐसा तंत्र भी विकसित किया जाएगा, जिससे दोबारा मध्यप्रदेश की धरती पर नक्सलवादी या अन्य अतिवादी मूवमेंट खड़े न हो पाएं। इसके लिए सभी पड़ोसी राज्यों के साथ भी जरूरी समन्वय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में वर्ष 1988-90 से नक्सली गतिविधियों की शुरुआत हुई थी। नक्सलियों ने आम नागरिकों को डरा-धमकाकर परेशान किया और सरकार के विकास कार्यों में भी रुकावटें डालीं। नक्सली पुलिस की बसों को भी आग के हवाले कर देते थे।

## उप्र के मीरजापुर में पैसों का लालच देकर धर्मांतरण कराने में पादरी सहित दस गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में प्रलोभन देकर भोल-भाले ग्रामीणों का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने पादरी समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया है। बाद में कोर्ट के आदेश पर सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने ग्राम खरहरा चर्च के पास से भोला पटेल (पादरी), कृष्णकांत तिवारी, अंगनू प्रसाद, माया पटेल (पादरी की पत्नी), फूलपत्ती, सुशीला देवी, हीरावती देवी, रेनू, लक्ष्मी और साधना को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से ईसाई धर्म की चार बाइबिल, 10 कॉपी-किताबें, तीन स्मार्ट मोबाइल फोन और एक की-पैड मोबाइल समेत अन्य चीजें बरामद हुई हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ये लोग धर्म विशेष का प्रचार कर भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। ये लोग गांव-गांव जाकर आर्थिक



सहायता, सुविधाएं और धार्मिक पुस्तकों के माध्यम से लोगों को अपने प्रभाव में लेने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के कुरकुठिया गांव निवासी आनंद दूबे की तहरीर पर इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ग्वालियर में प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन संगीत समारोह का भव्य शुभारंभ

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की संगीतधानी ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग से पूरी दुनिया को शून्य का परिचय करा रहे 'चतुर्भुज मंदिर' की थीम पर तानसेन समाधि परिसर में बने भव्य एवं आकर्षक मंच पर सोमवार की सांध्य बेला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश एवं दुनिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह में शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात गायक पं. राजा काले मुम्बई को वर्ष 2024 एवं विश्व विख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य कोलकाता को वर्ष 2025 के तानसेन अलंकरण से विभूषित किया गया। इसी तरह मण्डलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 के राजा मानसिंह तोमर सम्मान से अलंकृत किया गया। साधना परमार्थिक संस्था की ओर से प्रेरणा कोल्हटकर एवं रागायन संस्था की ओर से महंत रामसेवकदास महाराज ने सम्मान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सम्मानित मूर्धन्य संगीत साधकों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। साथ ही कहा कि मध्य प्रदेश सरकार कला, संस्कृति का संरक्षण करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युदय हो रहा है। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं विधायक मोहन सिंह राठौर बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत की नगरी ग्वालियर में आयोजित होने वाला तानसेन संगीत समारोह प्रदेश व देश का सबसे प्रतिष्ठित समारोह है। संगीत सम्राट तानसेन भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुष थे। तानसेन की सुर और तान ने ग्वालियर को दुनिया में अलग पहचान दिलाई। गान महर्षि तानसेन ने अपने गुरू स्वामी हरिदास के साधिन्य में संगीत की बारीकियां सीखकर ध्रुपद गायिकी सहित शास्त्रीय संगीत को नए आयाम दिए। तानसेन की ख्याति ऐसी थी कि उन्हें अकबर ने अपने नवरत्नों में शामिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक काल से शास्त्रीय संगीत हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा रहा है। सामवेद इसका साक्षी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में कला व संस्कृति को नए आयाम मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी अद्वितीय छाप छोड़ रहा है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री मेंन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि तानसेन समारोह उस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा की सतत यात्रा है, जिसमें पिछले 101 वर्षों से संगीत की आत्मा, रागों की अनुभूति और स्वर की साधना एक सामूहिक तपस्या बनकर प्रवाहमान हो रही है। यह समारोह हमें याद दिलाता है कि संगीत हमारी परंपरा, हमारी जड़ों व हमारी आत्मा का संवाद है।

## बंगाल की खाड़ी में डूबा ट्रॉलर, पांच मछुआरे लापता

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में दक्षिण 24 परगना के नामखाना से मछली पकड़ने निकले भारतीय मधुआरों का एक ट्रॉलर समुद्र में डूब गया। इस हादसे में ट्रॉलर पर सवार 16 मछुआरों में से 11 को बचा लिया गया है, जबकि पांच मछुआरे अब भी लापता हैं। आरोप है कि बांग्लादेश नौसेना के एक जहाज ने ट्रालर को टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। तटरक्षक बल के अधिकारियों के अनुसार, नामखाना घाट से 13 दिसंबर को 'एफबी परमिता दास' नाम का ट्रॉलर 16 मछुआरों को लेकर समुद्र में गया था। रात के समय यह हादसा हुआ। आरोप लगाया गया है कि बांग्लादेश की नौसेना के एक जहाज ने ट्रॉलर को टक्कर मारी है, जिससे वह समुद्र में डूब गया। सुंदरबन समुद्री मछुआरा श्रमिक यूनियन के सचिव सत्यानाथ पात्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि बांग्लादेश की नौसेना के जहाज ने लाइट बंद करके ट्रॉलर को टक्कर मारी। टक्कर के बाद मछुआरे समुद्र में गिर गए।

# राज्य सभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान आरोप-प्रत्यारोप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में दोपहर एक बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान पक्ष और विपक्ष की तरफ से जम कर आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए। चुनाव सुधारों पर चर्चा को जारी रखते हुए एआईएडीएमके सांसद डॉ. एम. थंबीदुरै ने कहा कि उनकी पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे हर कदम पर भरोसा है। स्वच्छ और सटीक मतदाता सूची लोकतंत्र को मजबूत करती है, पारदर्शिता मतदाताओं को सशक्त बनाती है और चुनाव प्रचार चुनाव प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने आगे कहा कि करूर की घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को राजनीतिक दलों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने का निर्देश दिया था, जिसे मद्रास हाई कोर्ट ने भी दोहराया, लेकिन अब तक सरकार ने कोई एसओपी तैयार नहीं की है। इस पर सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने उनसे राज्य के मुद्दे न उठाने को कहा। इस पर थंबीदुरै ने कहा कि वे चुनाव से जुड़े मुद्दों पर ही बोल रहे हैं। चुनाव प्रचार भी चुनाव सुधारों का हिस्सा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद गुरविंदर सिंह ओबेरॉय ने चुनाव सुधार की



चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सहमति के बिना लोकतंत्र अस्तित्व में नहीं रह सकता और प्रतिनिधित्व के बिना वैधता नहीं हो सकती। 'हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है, हम अनुच्छेद 370 को जिस तरीके से हटाया गया, उसे स्वीकार नहीं करते और हम इसे लोकतांत्रिक, संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से चुनौती देते रहेंगे। '

उन्होंने कहा कि हमें सत्ता से सच कहना चाहिए। चुप्पी को सहमति न समझा जाए, देरी को मंजूरी न माना जाए और आंदोलन की अनुपस्थिति को समर्थन न समझा जाए।' कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब अब तक अमित शाह ने नहीं दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि या तो चुनाव आयोग केंद्रीय गृह मंत्री को गुमराह कर रहा है या केंद्रीय गृह मंत्री जनता को गुमराह कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह के इस बयान पर राज्य सभा में सत्ता पक्ष की ओर से शोर-शराबा हुआ। आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप कुमार पाठक ने कहा कि आज राजनीति में कोई समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) नहीं बचा है। उन्होंने राजनीतिक दलों की फंडिंग में सुधार की मांग की।उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर भी सवाल उठाए। चर्चा में सरकार से सवाल किया कि अगर जनता भाजपा के साथ है तो बैलेट पेपर से चुनाव कराने में क्या समस्या है सरकार को बैलेट चुनाव से डरना नहीं चाहिए। '

उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव आयोग लोकतंत्र की आत्मा है। अगर वह पारदर्शी नहीं है, तो लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता।' राज्यसभा में विपक्ष पर हमला रते हुए झारखंड भाजपा नेता दीपक राकेश ने कहा, 'डॉ. बी.आर. आंबेडकर भारत में चुनावी धोखाधड़ी के पहले शिकार थे। ' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अपने फायदे के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। कांग्रेस फर्जी मतदाताओं को अपनी जेब में बनाए रखना चाहती है।

# यूपी के मेरठ और उन्नाव में भीषण सड़क हादसा, हेड कांस्टेबल समेत 6 की मौत

**एजेंसी**

**मेरठ/उन्नाव ।** उत्तर प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा यूपी के मेरठ में उस वक्त हुआ, जब पुलिस टीम की प्राइवेट कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर हिंडन नदी में जा गिरी। इस हादसे में हेड कांस्टेबल राहुल चौधरी समेत कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य पुलिसकर्मी और दो निजी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत मेरठ के आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सिपाही कौशल और एक निजी व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया है कि हादसे के समय बागपत पुलिस की टीम मेरठ में एक मामले की जांच कर वापस लौट रही थी। मृतक हेड कांस्टेबल राहुल चौधरी बागपत जनपद की डोला चौकी पर तैनात थे और हादसे का शिकार हुई कार उन्हीं की बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों मृतकों का पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। दूसरी घटना उन्नाव जिले से सामने




आई, जहां आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक फॉर्च्यूनर कार का टायर फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर सामने चल रही गाड़ी से टकराई और फिर डिवाइडर से जा भिड़ी, जिससे फॉर्च्यूनर डिवाइडर में फंस गई। हादसा बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में किमी संख्या-241 के पास हुआ। सूचना मिलने पर मौके पर यूपीडा और पुलिस की टीमें पहुंचीं और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी बांगरमऊ भेजा गया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक गाजियाबाद जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, वे एक राजनीतिक पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे और पेशे से नमक के व्यापारी थे। दोनों ही मामलों में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और दुर्घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है।

# भारतीय टीम चौथे टी20 में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच में उतरेगी। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर पांच मैचों की इस सीरीज में अपनी बढ़त बनाये रखना रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी लंबी पारी खेलना चाहेंगे। सूर्या अब तक इस सीरीज में रन नहीं बनाने के कारण निशाने पर हैं। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल को आराम देकर उनकी जगह पर संजू सैमसन को भी अवसर मिल सकता है। शुभमन भी इस सीरीज में रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में सभी का मानना है कि उन्हें आराम दिया जाना चाहिये। भारतीय टीम चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन से उतर कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी।

सूर्यकुमार का इस सत्र में औसत 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई अर्धशतक नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बल्लेबाजी करने में सफल रहे हैं। टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में टीम चाहेगी कि उनका कप्तान अपनी लय हासिल करे।

वहीं उप-कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी की शुरुआत करने के बाद से ही टीम का शीर्ष क्रम विफल रहा है। शुभमन को अच्छी बल्लेबाजी कर रहे संजू सैमसन की जगह पर टीम में शामिल किया गया था पर वह परिणाम नहीं दे पाये। शुभमन अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने को स्थापित नहीं कर पाये हैं। वह रविवार को कम लक्ष्य का पीछा करते हुए भी सिर्फ 28 रन ही बना पाए जिसने विश्व कप से पहले उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठ रहे हैं।

विश्व कप से पहले भारत के पास इस प्रारूप में अब सिर्फ 7 मैच हैं। अक्षर पटेल के बीमारी के कारण सीरीज से बाहर होने के बाद भारत ने शाहबाज अहमद को इस मैच के लिए टीम में जगह दी है। जिससे स्पिनर कुलदीप यादव को अधिक अवसर मिल सकते हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टीम में बनाये रखा जाएगा। पिछले मैच में अर्शदीप ने जबरदस्त खेल दिखाया था। वहीं हर्षित राणा ने भी धर्मशाला में अच्छी बल्लेबाजी की। अभी भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐमें उसका हौंसला बुलंद है।



वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम का लक्ष्य किसी भी प्रकार ये मैच जीतकर सीरीज में वापसी करना रहेगा। टीम की बल्लेबाजी एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, डेविड मिलर पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज के पास रहेगी। टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका की टीम छोटे प्रारूप में 28 में से 18 मैच हारी है। इससे पता चलता है कि टीम में निरंतरता की कमी है। दक्षिण अफ्रीका को बेहतर संयोजन की तलाश है और इसको देखते हुए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, एनटी तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे।

# बुमराह निजी कारणों से घर लौटे, अंतिम टी20 में हो सकती है वापसी



**–अक्षर बचे हुए दोनो मैचों से बाहर हुए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से अपने घर वापसी चले गये हैं। इस कारण उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। इससे पहले बुमराह के अचानक ही टीम से बाहर होने के कारण कई प्रकार के सवाल उठ रहे थे। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन के अनुसार परिवार में मेडिकल इमरजेंसी को देखते हुए ही बुमराह को घर लौटना पड़ा है। गौरतलब है कि बुमराह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में भी शामिल नहीं थे। इसी कारण उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में जगह मिली थी। एक रिपोर्ट में बीसीसीसीआई के हवाले से कहा गया है कि बुमराह के परिवार का एक सदस्य गंभीर रुप से बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती है। इसी कारण उन्हें घर लौटना पड़ा है। उनके चौथे या पांचवें टी20 में वापसी की उम्मीदें हैं। वहीं इस रिपोर्ट के अनुसार, अगर सब कुछ ठीक रहता है तो बुमराह अहमदाबाद में होने वाले पांचवें टी20 मुकाबले के लिए टीम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी उनकी , प्राथमिकता अपने परिवार के साथ रहना और स्थिति संभालना है। बुमराह के अलावा स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी बीमार होने के कारण तीसरे टी20 से बाहर रहे थे। इसी कारण उनकी जगह कुलदीप यादव को जगह मिली थी। अक्षर पटेल बिमारी के कारण बचे हुए दो मैचों से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह पर शाहबाज़ अहमद को टीम में जगह मिली है। तीसरे टी20 में जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। सीरीज का चौथा मुकाबला 17 दिसंबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

# अभिषेक ने किया सूर्यकुमार ओर शुभमन का समर्थन, विश्वकप में दोनो हमें जीत दिलाएंगे

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल पिछले काफी समय से अपने खराब फार्म के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं। वहीं भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि अगामी टी20 सीरीज और विश्वकप में ये दोनो अपने प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाएंगे। अभिषेक ने माना कि अभी ये रन नहीं बना पा रहे हैं पर कहा कि जब इनकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी तो ये दोनों ही टीम के लिए जमकर रन बनाएंगे।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में सूर्यकुमार ने 3 मैचों में 29 और शुभमन ने 3 मैचों में 32 रन बनाए हैं। भारतीय टीम हालांकि सीरीज में आग है। धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भी उप्तान और उपकप्तान विफल रहे थे। इस मैच में शुभमन की धीमी बल्लेबाजी पर ही सवाल उठे हैं। इसके बाद भी अभिषेक का मानना है कि किसी को भी चिन्ता की जरुरत नहीं है। अभिषेक ने कहा, मैं ये दोनों विश्व कप में और उससे पहले दूसरी सीरीज में भी मेज विजेता साबित होंगे। मैं उनके साथ इतने लंबे समय से खेल रहा हूं, खासकर शुभमन के साथ, इसलिए मुझे पता है कि वह कहां मैच जिता सकता है, कोई भी हालात हो और टीम कोई भी हो। मुझे उस पर शुरू से ही बहुत भरोसा रहा है और मुझे उम्मीद है कि सब लोग इसे बहुत जल्द देखेंगे और उनको भी भरोसा हो जाएगा।

# आईपीएल ऑक्शन-ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके

## केकेआर ने खरीदा, लीग के इतिहास के सबसे महंगे विदेशी; स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा

**अबु धाबी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा।

ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। पहले सेट में 6 प्लेयर्स ऑक्शन पूल पर लाए गए। इसमें से 2 ही बिके। डेविड मिलर को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। जेक फ्रेजर-मैकगर्क, डेवोन कॉन्वे, सरफराज खान और पृथ्वी शॉ अनसोल्ड रहे हैं। उन पर किसी ने बोली नहीं लगाई।




ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत हैं। उन्हें पिछले साल मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। 10 टीमें 77 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए बोली लगा रही है। नीलामी में 350 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल पर लाए जाएंगे।

### किस टीम का पर्स सबसे बड़ा है?

सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए है। मुंबई इंडियंस के पर्स में सबसे कम 2.75 करोड़ रुपए है। आरसीबी, आरआर, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के पर्स में 11 से 17 करोड़ रुपए है। वहीं दिल्ली, लखनऊ और सनराईजर्स हैदराबाद के पर्स में 21 से 26 करोड़ रुपए है।

# 26 मार्च से शुरु होगा आईपीएल 2026 सत्र : बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि आईपीएल का 19वां सत्र अगले साल 26 मार्च 2026 से शुरू होगा। वहीं इसका खिताबी मुकाबला 31 मई को होगा। बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइज़ियों को ये जानकारी दी है। जिसे सभी टीमें आगामी सत्र के लिए बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें। इस बार मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टूर्नामेंट का शुरुआती मैच खेलेगी। ये मैच घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शायद ही खेला जाये कयोंकि इसकी उपलब्धता अभी पक्की नहीं हुई है। स्टेडियम की अनुमति राज्य सरकार से मिली है पर पिछले सत्र में आरसीबी की जीत के बाद यहां जिस प्रकार भगदड़ मची थी। उसे देखते हुए सुरक्षा मंजूरी के बाद ही यहां मैच खेला जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल का 19वाँ सीजन पुरुष टी20 विश्व कप के समाप्त होने के लगभग तीन हफ्ते बाद शुरू होगा। विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस कार्यक्रम से आईपीएल करीब दो महीने से ज्यादा चलेगा, जिसमें 10 टीमें हिस्सा लेंगी। हालाँकि पूरे मुकाबलों का कार्यक्रम अभी शेष है पर फाइनल 31 मई को होगा। एक बड़ा मामला यह उभर रहा है कि लगातार दूसरे साल आईपीएल और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तारीखें टकरा रही हैं। पीएसएल 2026 का आयोजन 26 मार्च से 3 मई तक प्रस्तावित है। इस प्रकार दोनों लीग एक साथ चलेंगी। इससे खिलाड़ियों की उपलब्धता पर प्रभाव पड़ सकता है।




# अब शुभमन की जगह पर सैमसन को अवसर दें : कैफ



नई दिल्ल। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले तीन मैचों में असफल रहे बल्लेबाज शुभमन गिल को अब आराम देकर उनकी जगह पर संजू सैमसन को बचे हुए मैचों में रखा जाये। कैफ ने कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन से कहा है कि अब सैमसन को पारी की शुरुआत का अवसर दिया जाना चाहिये। शुभमन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के शुरुआती तीन टी20 मैचों में विफल रहे ओर केवल 4, 0 और 28 रन ही बना पाये।

कैफ ने कहा, शुभमन गिल को आरात देते हुए किसी अन्य खिलाड़ी को अवसर दें। वहीं कैफ ने कहा, सैमसन खिलाड़ी योग्य है उसे उनकी जगह पर अवसर मिलना चाहिये। ये उसका अधिकार है। वह सोच रहा होगा कि शुभमन तो एक साल से खेल रहे हैं और मुझे 2-3 खराब पारियों के बाद ही बाहर कर गया। कैफ ने कहा, 'एक या दो खिलाड़ी अंतर पैदा करते हैं जिन्हें अवसरों के संदर्भ में विशेष अवसर दिये जाने चाहिये। शुभमन को देखिए, वह कितनी सारी पारियां पहले ही खेल चुके हैं?' उन्होंने आगे कहा, हम पिछले कुछ समय से इसके बारे में बात कर रहे हैं। अब आपको फैसला लेना होगा, समय आ गया है। भारतीय टीम सीरीज में अभी 2-1 से आगे है। भारतीय टीम को अगले साल से शुरू होने जा रहे टी20 विश्व कप से पहले अभी सात टी20 मैच खेलने हैं।

# अभिज्ञान कुंडू के दोहरे शतक से भारतीय अंडर-19 टीम ने मलेशिया को 315 रन से हराया



**–दीपेश ने 22 रन देकर पांच विकेट लिए**

**दुबई (एजेंसी)।** अभिज्ञान कुंडू के रिकार्ड दोहरे शतक के बाद दीपेश देवेंद्रन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में मलेशिया को 315 रन से हरा दिया। कुंडू ने 209 रन बनाये जबकि दीपेश देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट लिए। इससे भारतीय टीम ने मलेशिया को हराकर अंडर-19 एकदिवसीय क्रिकेट की सबसे बड़ी जीत हासिल की। भारतीय टीम ने इस मैच में 50 ओवर में 7 विकेट पर 408 रन बनाये। वहीं विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाई और 32.1 ओवर में 93 रन पर ही सिमट गयी।

दीपेश देवेंद्रन ने सात ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं उधव मोहन ने दो विकेट लिए, जबकि किशन कुमार सिंह, खिलन पटेल और कनिष्क चौहान को एक-एक विकेट लिया।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत साधारण रही, लेकिन इसके बाद कुंडू ने मैच दल दिया। ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी। वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की शानदार साझेदारी कर मलेशियाई गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। त्रिवेदी ने 90 रन बनाये जबकि कुंडू ने अंडर-19 का सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

17 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज कुंडू ने 125 गेंदों में 17 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 209 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 44 गेंदों में अर्धशतक और 80 गेंदों में शतक पूरा किया, जबकि 121 गेंदों में दोहरा शतक लगा दिया।

# मोहाली गोलीबारी में घायल कबड्डी राणा बलाचौरिया की मौत



मोहाली। पंजाब के मोहाली शहर में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हुई गोलीबारी में गंभीर रुप से घायल हुए खिलाड़ी राणा बलाचौरिया की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। राणा इस टूर्नामेंट के प्रमोटर भी थे। इस घटना से खेल जगत के साथ-साथ पूरे इलाके में शोक और आक्रोश है। मृतक खिलाड़ी की 10 दिन पहले ही में शादी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोहाना में कबड्डी का एक बड़ा टूर्नामेंट चल रहा था, इस कारण वहां दर्शकों की भारी भीड़ थी। टूर्नामेंट के आयोजक और प्रमोटर राणा बलाचौरिया भी मैदान के पास मौजूद थे। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी दौरान बाइक और कार में सवार होकर आए कुछ बदमाश वहां पहुंचे। ये फोटो खींचने के नाम पर राणा के करीब पहुंचे और पास जाते ही अचानक गोलियां चला दीं। गोलीबारी की आवाज सुनते ही अफरा-तफरी मच गई। गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हुए राणा को तत्काल ही करीब के अस्पताल पहुंचाया गया पर वह बचाये नहीं जा सके। इस प्रकार दिन दहाड़े हुई गोलीबारी से लोग सकते में हैं। अपराधियों की गोलीबारी से टूर्नामेंट में भगदड़ मच गयी थी। इस टूर्नामेंट में कई बड़ी पंजाबी सिंगरों के आने का भी कार्यक्रम था, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही यह घटना हो गई।, इसके बाद पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरु कर दी। पुलिस ने अपराधियों की तलाश के लिए कई टीमें गठिन कर दी हैं। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पिछले कुछ समय से खेल मुकाबलों में भी हमले के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए एजाज पटेल न्यूजीलैंड टीम में शामिल

**–ब्लंडेल की भी हुई वापसी, मिच बाहर हुए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने स्पिनर एजाज पटेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए शामिल किया है। एजाज के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल की भी टीम में वापसी हुई है। एजाज को ब्लेयर टिकनर की जगह शामिल किया गया है। टिकनर कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हैं।

वहीं पहले टेस्ट से बाहर रहे अनुभवी विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल को इस मैच में शामिल किया गया है। वह हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थे। इसी कारण दूसरे टेस्ट में मिच विकेटकीपर के तौर पर शामिल किये गये थे। मिच अब फिर से घरेलू क्रिकेट में लौटेंगे और कैंटरबरी की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। एजाज नवंबर 2024 में टेस्ट मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। भारत में खेली टेस्ट सीरीज जीत के एक ही मैच में उन्होंने दस विकेट लेकर कीवी टीम को जीत दिलायी थी। फरवरी 2020 के बाद वह पहली बार घरेलू टेस्ट खेलेंगे।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, एजाज ऐसा खिलाड़ी है, जिस पर हम भरोसा करते हैं। बे ओवल की पिच आमतौर पर न्यूजीलैंड की दूसरी पिचों के मुकाबले ज्यादा टर्न लेती है और जिस तरह से वह गेंद को राइट-हैंडर से दूर घुमाता है, वह बहुत अच्छा है। तीसरे टेस्ट में एक और स्पिनर को शामिल करने से हमारे गेंदबाजी आक्रमण में भी विविधता आएगी, साथ ही हमारे सीमर्स भी हैं जिन्होंने इस सीरीज में अब तक बहुत अच्छा काम किया है। वहीं टीम में कोई और बदलाव नहीं किया गया है। सिर्फ एजाज पटेल और टॉम ब्लंडेल को जोड़ा गया है, जबकि मिच को बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड अभी सीरीज में 1-0 से आगे है। पहला टेस्ट रोमांचक ड्रॉ पर खत्म हुआ था। आखिरी टेस्ट 18 दिसंबर से माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम अब इस प्रकार है



टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉक्स, डेरिल मिशेल, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रे, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन और विल यंग

# श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा की गिरफ्तारी के आदेश जारी हुए

## मंत्री रहते सरकारी तेल कंपनी को पहुंचाया नुकसान

कोलंबो। विश्वकप विजेता श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और पेट्रोलियम संसाधन विकास मंत्री रहे अर्जुन रणतुंगा की गिरफतारी के आदेश जारी हुए हैं। यहां की एक अदालत ने खेल से राजनीति में आये रणतुंगा का नाम भ्रष्टाचार के मामले में आने के कारण ये आदेश दिये हैं। इसी कारण उनके विदेश जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। रणतुंगा पर सरकारी तेल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। वहीं रिश्वत और भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी ने कहा है कि रणतुंगा को गिरफ्तार कर पेश करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। श्रीलंका की भ्रष्टाचार या रिश्वत के आरोपों की जांच करने वाले आयोग (सीआईएबोक) ने मुख्य मजिस्ट्रेट न्यायालय को बताया कि रणतुंगा के मंत्री रहते सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) में ईंधन खरीद से जुड़े फैसलों के कारण लगभग 800 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का कथित नुकसान हुआ। यह नुकसान इसीलिए क्योंकि दीर्घकालिक ईंधन टेंडर रद्द कर महंगे दामों पर स्पॉट टेंडर लागू किए गए। आयोग की ओर से पेश हुईं सहायक निदेशक (कानूनी) अनुषा सम्मंथप्पेरुमा ने अदालत को बताया कि वर्ष 2017-2018 के लिए प्रस्तावित तीन दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति टेंडर रद्द किए गए थे। इसके बाद लिए गए फैसलों के कारण निगम को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी आधार पर सीपीसी के पूर्व चेयरमैन धम्मिका रणतुंगा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया है।



# विराट-अनुष्का की वृंदावन यात्रा : प्रेमानंद जी महाराज के किए दर्शन, मिली जीवन की बड़ी सीख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में शुमार विराट कोहली सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि निजी जीवन में भी गहरी सोच और आध्यात्मिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ उनकी हालिया वृंदावन यात्रा ने एक बार फिर यह दिखाया कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी वे आंतरिक शांति और मार्गदर्शन को कितना महत्व देते हैं। श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में प्रेमानंद जी महाराज से हुई यह मुलाकात न सिर्फ आध्यात्मिक रही, बल्कि जीवन, सेवा और कर्म को देखने के नजरिए पर भी केंद्रित थी।

### वृंदावन में तीसरी बार पहुंचे कोहली और अनुष्का

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का वृंदावन से खास जुड़ाव रहा है। यह जोड़ा नियमित रूप से यहां आता रहा है और साल 2025 में यह उनकी तीसरी यात्रा मानी जा रही है। इससे पहले जनवरी में वे अपने बच्चों के साथ आश्रम पहुंचे थे, जबकि मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के ठीक एक दिन बाद वृंदावन का रुख किया था। हर बार की तरह इस बार भी दोनों ने सादगी और श्रद्धा के साथ समय बिताया।

प्रेमानंद जी महाराज की सीख- सेवा और विनम्रताआश्रम में हुई बातचीत के दौरान प्रेमानंद जी महाराज ने जीवन को सेवा के रूप में देखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपने काम को केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा समझना चाहिए। साथ ही, गंभीरता, विनम्रता और ईश्वर के नाम का स्मरण जीवन को संतुलित बनाता है। महाराज जी ने यह भी समझाया कि ईश्वर के दर्शन की गहरी चाह मन में होनी चाहिए, वही इंसान को सांसारिक मोह से ऊपर उठाती है।

### भावुक अनुष्का, सहमति में विराट

इस आध्यात्मिक संवाद के दौरान अनुष्का शर्मा काफी भावुक नजर आईं और पूरे ध्यान से महाराज जी की बातें सुनती रहीं। विराट कोहली भी हर सीख पर सहमति जताते दिखे। महाराज जी ने आगे कहा कि जब इंसान यह मान ले कि संसार के सुख उसे मिल चुके हैं और अब केवल ईश्वर की इच्छा शेष है, तब सच्चा आनंद उनके चरणों में मिलता है। इस पर अनुष्का ने विनम्रता से कहा, ÷हम आपके हैं, महाराज जी,÷ जिसके जवाब में उन्होंने सभी को ईश्वर का संतान बताया।

### आध्यात्म के साथ मैदान पर भी फोकस

टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली फिलहाल वनडे क्रिकेट में सक्रिय हैं और उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती असफलताओं के बाद उन्होंने नाबाद 74 रन की अहम पारी खेली और टीम को आसान जीत दिलाई। इसके बाद लगातार दो वनडे शतक और तीसरे मैच में नाबाद 65 रन बनाकर उन्होंने सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई।



### विराट कोहली का नया संतुलन

विराट कोहली की यह यात्रा साफ दिखाती है कि वे अब क्रिकेट और आध्यात्म के बीच संतुलन बनाकर चल रहे हैं। मैदान पर आक्रामकता और आश्रम में शांति यही संतुलन शायद उनके करियर के इस नए अध्याय की सबसे बड़ी ताकत है।



# एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज ने सगाई बाद तोड़ी शादी? तस्वीरें डिलीट, मंगेतर को भी किया अनफॉलो!

साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज को लेकर एक खबर आई है, जो चौंकाने वाली है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस ने सगाई के तीन महीने बाद ही रिश्ता खत्म कर दिया है। उन्होंने अपनी सगाई और शादी तोड़ दी है। निवेथा पेथुराज करीब दो साल से फिल्मी पर्दे से दूर थीं, और नवंबर में ही उन्होंने सोशल मीडिया पर वापसी करते हुए सगाई का ऐलान किया था। आखिर ऐसा क्या हुआ है जो निवेथा पेथुराज की सगाई और शादी टूटने की खबरें आने लगी हैं?

दरअसल, निवेथा पेथुराज ने अपनी सगाई की तस्वीरें हटा दी हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी एक भी तस्वीर नहीं है। द हंस इंडिया के मुताबिक, यह भी कहा जा रहा है कि निवेथा और उनके मंगेतर रजित ने एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है। तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं है कि वाकई दोनों ने तस्वीरें डिलीट की हैं या फिर कोई टेक्निकल ग्लिच है।

### पलाश और स्मृति मंधाना की टूटी सगाई से हो रही तुलना?

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेथा के फैंस अब उनकी टूटी सगाई की खबरों की क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल की टूटी सगाई और शादी से तुलना कर रहे हैं। स्मृति और पलाश ने भी अपनी सगाई की तस्वीरें डिलीट कर दी थीं और बाद में कन्फर्म किया था कि उनकी शादी टूट गई है। हालांकि, निवेथा ने अभी तक इस मामले पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है और कोई बयान नहीं दिया है। इस बीच, फैंस सोच रहे हैं कि क्या वह जल्द ही फिल्मों में वापसी करेंगी या निजी कारणों से फिर से ब्रेक लेंगी। फिलहाल तो निवेथा के जवाब का इंतजार है।

### निवेथा पेथुराज का करियर

निवेथा पेथुराज के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2016 में तमिल एक्टर वीआर दिनेश स्टारर ओरु नाल कूथु से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तेलुगू सिनेमा में एंट्री की और जयम रवि से लेकर विजय सेतुपति और प्रभु देवा तक के साथ काम किया।



# धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में काम करने पर बोलीं आयशा खान

आयशा खान एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगातार अपनी जगह बना रही हैं। 2025 उनके लिए काफी अच्छा रहा है। आयशा सबसे पहले बिग बॉस 17 में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर सुर्खियों में आई थीं। तब से उन्होंने टेलीविजन, रीजनल सिनेमा, रियलिटी शो और म्यूजिक वीडियो में अपने काम का दायरा बढ़ाया है। धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में अपनी हालिया अपीयरेंस के साथ, उन्होंने मेनस्ट्रीम हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

### धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आईं आयशा

बालवीर रिटर्न्स, तेलुगु फिल्म प्रोजेक्ट्स और टीवी शो दिल को रफू कर ले में अपनी अदाकारी के लिए तारीफ बटोर चुकीं आयशा ने हाल ही में धुरंधर में एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। गाने में आयशा की स्क्रीन प्रेजेंस की भी तारीफ हो रही है। किस किसको प्यार करूं 2 की कास्ट में भी वह शामिल हैं। इसमें उन्होंने कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर की है।

### चीजें धीरे-धीरे पूरी हो रही हैं

टीवी से लेकर फिल्मों तक के सफर के बारे में बात करते हुए आयशा कहती हैं पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए बहुत खास रहे हैं। धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 का हिस्सा बनकर ऐसा लग रहा है जैसे मैंने जिस चीज के लिए मेहनत की थी, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। इसने इस बात को पक्का कर दिया है कि मुझे सेट पर रहना और अपना काम करना पसंद है।

### आयशा ने की आदित्य धर की तारीफ

वह आगे कहती हैं, आदित्य सर के साथ काम करना सीखने का बहुत अच्छा अनुभव था। उनका तरीका मुझे ज्यादा जागरूक और प्रेरित करने वाला लगा। विजय गांगुली सर (मशहूर कोरियोग्राफर) ने मेरे सफर को आरामदायक बनाया और हर कदम पर मुझे गाइड किया। मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया।

# किस किसको प्यार करूं 2 से पारुल गुलाटी का बॉलीवुड डेब्यू



**कॉमेडी किंग कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में कपिल के साथ आयशा खान, पारुल गुलाटी, त्रिधा चौधरी, हीरा वरीना और मनजोत सिंह भी हैं। फिल्म रिलीज होने पर पारुल गुलाटी ने अपनी खुशी जाहिर की।**

अभिनेत्री का कहना है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। उनकी पहली फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने 15 साल के लंबे सफर की कहानी सुनाई। पारुल ने बताया कि उनकी मां हमेशा हौसला देती थी और कहती थीं कि तेरी किस्मत का कोई नहीं छीन सकता। अगर ऊपर वाले की मेहर होगी, तो तुझे वो भी मिल जाएगा, जो तेरी नहीं है। पारुल ने अपने सफर को याद करते हुए कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। उसके बाद वेब सीरीज की, पंजाबी फिल्में भी की, लेकिन वो भी ज्यादा नहीं चली। फिर मैंने जाकर बिजनेस शुरू किया। कई बार लगा शायद एक्टिंग मेरे लिए नहीं है, लेकिन इस बीच मुझे कभी एक्टिंग छोड़ने का ख्याल नहीं आया, क्योंकि एक्टिंग मेरे लिए एक शादी की तरह है और बिजनेस मेरा बच्चा है।

अभिनेत्री ने बताया कि जब-जब उन्हें रिजेक्शन मिलते थे, तो उनके मन में सवाल उठता था कि कहीं मेरे में तो कमी नहीं है। लेकिन, मां समझाती थीं, निशु, तुम्हारे लिए इससे बेहतर कुछ लिखा है।



# पहली बार रिश्ते पर खुलकर बोले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया पिछले काफी समय से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर साथ बिताए पलों की झलक और तारा के फैशन इवेंट्स में वीर की मौजूदगी ने पहले ही कयासों को हवा दे दी थी, लेकिन दिवाली पर दोनों के फोटोशूट ने काफी हद तक रिश्ते पर मुहर लगा दी। अब तारा और वीर ने पहली बार किसी इंटरव्यू में खुलकर एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप पर खुलकर बात की है।

दोनों ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उनका रिश्ता पहले दिन से ही ईमानदारी से शुरू हुआ है। वीर के मुताबिक, पहली ही डेट से दोनों ने अपने जज्बातों को छुपाने की कोशिश नहीं की और जहां भी रहे, जैसे थे वैसे ही रहे।

पहली डेट का जिक्र करते हुए वीर ने एक बेहद खास पल साझा किया। उन्होंने बताया कि वो शाम उनके लिए यादगार बन गई जब उन्होंने पियानो बजाया और तारा ने गाना गाया। साथ बिताया गया वह समय उनके लिए रिश्ते की पहली मजबूत नींव साबित हुआ। वहीं तारा का मानना है कि किसी एक पल ने नहीं, बल्कि वक्त के साथ एक-दूसरे का साथ निभाने ने उनके रिश्ते को खास बनाया। उनके शब्दों में, मुश्किल और अच्छे दोनों दौर में साथ खड़े रहना ही उनके कनेक्शन की असली पहचान है।

### दोनों का वर्कफ्रंट

काम की बात करें तो वीर इस साल की शुरुआत में फिल्म स्काईफोर्स में नजर आए थे। वहीं तारा पिछले काफी समय से पर्दे से दूर हैं। उनकी आखिरी फिल्म साल 2023 में आई अपूर्वा थी, जो कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी।



# आदित्य धर बेहद टैलेंटेड, काबिल और दिल के सच्चे नेक इंसान हैं

**फिल्म 'धुरंधर' की एक्ट्रेस सारा अर्जुन ने अपनी फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर के लिए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही सारा ने आदित्य को असली धुरंधर बताया है।**

सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर आदित्य के साथ अपनी एक फोटो शेयर की और लिखा कि आदित्य ने उनकी पहली बड़ी हिंदी फिल्म में उनका पूरा साथ दिया और उन्हें सबसे अनमोल तोहफा दिया। सारा ने उन्हें सोने जैसा दिल और भरोसा करने का हिम्मती इंसान बताया और कहा कि वे सचमुच धुरंधर हैं। उन्होंने लिखा कि आदित्य बेहद टैलेंटेड हैं, लेकिन घमंड बिल्कुल नहीं करते और बहुत काबिल हैं और दिल के सच्चे और नेक इंसान हैं। सारा ने बताया कि आदित्य ने सेट पर इतना प्यारा और सुरक्षित माहौल बनाया कि वे बेझिझक बड़े-बड़े सपने देख सकीं। उन्होंने कभी आवाज नहीं चढ़ाई, हमेशा शांत रहकर सबको जोड़े रखा। सारा ने लिखा, आप तूफान से पहले की खामोशी नहीं, आप वो खामोशी हैं जिसने तूफान पैदा किया।

### खुद को लकी मानती हैं सारा

सारा ने यह भी बताया कि आदित्य ने उन्हें कभी छोटा महसूस नहीं होने दिया। हमेशा ऐसा लगा जैसे वे पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने सारा को अपनी महत्वाकांक्षाओं को बड़ा करने और अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करने की हिम्मत दी। सारा ने लिखा कि वे खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इतने अच्छे इंसान का साथ और मार्गदर्शन मिला। यह पहली फिल्म उनके लिए सिर्फ यादगार नहीं, बल्कि जिंदगी बदल देने वाला अनुभव बन गई।

### आदित्य धर का जवाब



सारा की पोस्ट पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए लिखा, वाह सारा, तुम्हारा यह मैसेज पढ़कर मैं बहुत इमोशनल हो गया। मुझ पर आंख बंद करके भरोसा करने और धुरंधर को अपना सबकुछ देने के लिए शुक्रिया। पार्ट-2 में दुनिया तुम्हारी असली प्रतिभा देखेगी, इसका बेसब्री से इंतजार है। तुममें इस इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक बनने की पूरी काबिलियत है।



# ...तो मैं आज इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती

**प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर के शुरुआत वाला दौर याद किया। प्रियंका अब कपिल शर्मा शो में नजर आनेवाली हैं। उन्होंने हाल ही में एक समिट में अपी कहानी सुनाते हुए कहा- लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि मुझे अवसर दिए गए बल्कि अवसर मुझसे छीन लिए गए। इसलिए मुझे अपना रास्ता बदलना पड़ा। एक साल ऐसा भी था जब मेरी छह फिल्में लगातार फ्लॉप हो गईं।**

### प्रियंका चोपड़ा बैक टु बैक फ्लॉप

प्रियंका चोपड़ा ने साउथ और बॉलीवुड फिल्मों से अपनी शुरुआत की लेकिन आज वो हॉलीवुड की दुनिया में बड़ा नाम हैं। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही कपिल शर्मा के शो पर नजर आनेवाली हैं। इस शो पर वो एसएस राजामौली की फिल्म वाराणसी का प्रमोशन करेगी, जिसके लिए वो मुंबई लौटी हैं। इस बीच हाल ही में उन्होंने अबू धाबी में आयोजित ब्रिज समिट में भाग लिया, जहां उन्होंने बताया कि अपने करियर के शुरुआती दौर में लगातार फ्लॉप फिल्में देने के बाद कैसे उनसे मौके छीन लिए गए।

### जब मेरी लगातार छह फिल्में फ्लॉप हो गई

प्रियंका ने कहा कि जब उन्होंने 25 साल पहले फिल्मों में काम करना शुरू किया था, तब उनको गाइड करने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैंने मुंबई में कदम रखा तो मेरी राह आसान नहीं थी। मुझे यहां टिके रहने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी, लेकिन मेरा स्वभाव ऐसा है कि मैं जो भी काम अपने हाथों में लेती हूं, उसमें अपना 100 प्रतिशत देती हूं, वरना मैं उसे कभी पूरा नहीं कर पाऊंगी। एक समय ऐसा भी आया, जब मेरी लगातार छह फिल्में फ्लॉप हो गईं और मुझे एहसास हुआ कि मुझे कुछ अलग करना होगा।

### लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है

प्रियंका ने कहा, इसके बाद मुझे फिल्म फैशन में काम करने का ऑफर मिला, जिसमें दो लीड हीरोइनें थीं। लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है, तभी मैं एक वुमन बेस्ड फिल्म कर रही हूं, लेकिन बाकी सब इतिहास बन गया क्योंकि मैंने उसमें अपना बेस्ट दिया। इसी तरह, जब मैंने हॉलीवुड के बारे में सोचा तो मैंने अपना बेस्ट दिया। 'मिस वर्ल्ड' रह चुकीं प्रियंका ने कहा कि ऐसा नहीं है कि अवसर खुद-बखुद चलकर उनके दरवाजे पर आए, बल्कि कई मौकों पर अच्छे अवसर उनसे छीन लिए गए। प्रियंका ने कहा, मुझे खुद के लिए मौके बनाने पड़े। मुझे लीक से हटकर फिल्में और रोल हासिल करने के लिए लगातार स्ट्रगल करना पड़ा। फिल्म इंडस्ट्री में शायद हर महिला की यही कहानी है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि मुझे अवसर दिए गए बल्कि अवसर मुझसे छीन लिए गए। इसलिए मुझे अपना रास्ता बदलना पड़ा। एक वक्त ऐसा भी था जब मेरी छह फिल्में लगातार फ्लॉप हो गईं। तब ऐसा लग रहा था जैसे- हे भगवान, हमें प्रियंका को फिल्म में नहीं लेना चाहिए क्योंकि फिल्म अच्छा परफॉर्म नहीं करेगी। इसलिए, खोने के डर से, मुझे अपने कम्फर्टवाले काम को छोड़कर कुछ नया करने की कोशिश करनी पड़ी। मुझे अवसर खुद बनाने पड़े। मेरे ये बदलाव कभी मेरी पसंद से नहीं थे बल्कि ये अस्तित्व के लिए बहुत ज़रूरी थे।

प्रियंका कहती हैं, मैंने करियर के लिए बहुत त्याग किया, परिवार के साथ समय बिताने और त्योहार मनाने का मौका गंवाया। लेकिन हर चीज का एक समय होता है। उस समय मुझे काम पर ध्यान देने और त्याग करने की जरूरत थी। अगर मैंने ऐसा नहीं किया होता तो मैं आज इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती, जहां मैं फिल्में ठुकराने का फैसला ले सकती हूं। मैं इसका श्रेय शुरुआती दौर में की गई कड़ी मेहनत और त्याग को देती हूं।

### बॉर्न हंग्री जैसी और खूबसूरत कहानियों पर काम करना चाहती हैं

प्रियंका ने आगे कहा कि वे ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करना चाहती हैं जिनके किरदार या फिल्म संस्कृति से जुड़े हों और लोगों को उनसे प्रेरणा मिले। अपनी खुद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वे बॉर्न हंग्री जैसी और खूबसूरत कहानियों पर काम करना चाहती हैं। एक्ट्रेस निर्देशक बैरी एवरिच के साथ मिलकर और प्रोजेक्ट्स भी करना चाहती हैं। वे उनके काम करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं। बता दें कि बॉर्न हंग्री डॉक्यूमेंट्री एक्ट्रेस के पर्पल पेबल पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। डॉक्यूमेंट्री बीते साल 2024 में रिलीज हुई थी और डॉक्यूमेंट्री को ग्लोबल लेवल पर अच्छा रिस्पांस मिला था।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ

पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।



**वायु** – सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल–** वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश–** आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी–** पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि–**

अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।

– पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।

–अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

–जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

–पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

–सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

–बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

–अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

–अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

–पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

–एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

–अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

–अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कदर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।

–अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

–मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

–इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

–सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

–आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

–नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं

# अनिद्रा के रोगी

मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नींद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्रायः संकुचित होती हैं। ये लोग प्रायः हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**– यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**केनाबिस इंडिका 30**– यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**– इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**– यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**– इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**– यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**– वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।